दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 163 | टोंक | शनिवार,08 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# मोदी 12 फरवरी से 2 दिन के अमेरिकी दौरे पर

## ट्रम्प ने इन्विटेशन भेजा, दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद पहली मुलाकात होगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** पीएम मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रहेंगे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्योते पर अमेरिका जा रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी की यह पहली मुलाकात होगी। मोदी फ्रांस की यात्रा खत्म करने के बाद 12 फरवरी की शाम को वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। वे 14 फरवरी तक रहेंगे। पीएम इस दौरान अमेरिकी बिजनेसमैन और भारतवंशी समुदाय से भी मुलाकात कर सकते हैं। पीएम और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 27 जनवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहली बार था जब दोनों ने बातचीत की थी। इस बातचीत के बाद ही ट्रम्प ने खुलासा किया था कि मोदी फरवरी में व्हाइट हाउस आ सकते हैं। भारत के साथ व्यापार घाटा कम करना चाहते हैं ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पीएम मोदी से बातचीत के दौरान कहा था कि भारत को और ज्यादा अमेरिकी सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी इक्विपमेंट्स) खरीदने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार उचित तरीके से होना चाहिए। यानी कि ट्रम्प चाहते हैं कि व्यापार घाटा अमेरिका का नहीं होना चाहिए। भारत अमेरिका के बड़े निर्यातकों में से एक है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2023-24 में अमेरिका को 77.5 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया था। वहीं, अमेरिका ने भारत को 42.2 बिलियन डॉलर का सामान बेचा था। ऐसे में अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा 35.3 बिलियन डॉलर का है। ट्रम्प इसी व्यापार घाटे को संतुलन में लाना चाहते हैं।

कनाडा, मैक्सिको और चीन पर ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ के मद्देनजर, व्यापार पर बातचीत और भी ज्यादा अहम हो गई है। भारतीय पक्ष ने पहले ही अमेरिका से ज्यादा से ज्यादा एनर्जी खरीदने की इच्छा जताई है। इसके साथ ही भारत ने विदेश से आने वाले कई सामानों पर कस्टम ड्यूटी कम कर दिया है जिससे अमेरिकी कंपनियों को फायदा हो सकता है।

### मौसम (जयपुर)

22.0° अधिकतम तापमान | 11.0° न्यूनतम तापमान

### बाजार (शेयर बाजार)

सेंसेक्स | 77,860.19 | -197.97 (0.25%)

निफ्टी | 23,559.95 | -43.40 (0.18%)

### सर्राफा (सोना/चांदी)

सोना | 87,325 /10g

चांदी | 99,500 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ में फिर आग लगी, 22 पंडाल जले

**भीड़ को हटाया, बैरिकेडिंग कर 40 मिनट में बुझाई; 20 दिन में तीसरी घटना**

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में शुक्रवार को फिर आग लग गई। इसमें 20-22 पंडाल जल गए। आग इतनी तेज थी कि जब तक दमकल पहुंची, तब तक पूरा पंडाल जल गया। हादसा सेक्टर-18 स्थित शंकराचार्य मार्ग पर हुआ। यहां संत हरिहरानंद का पंडाल बना है। सुबह करीब 11 बजे अचानक यहां आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद सिलेंडर फटने जैसे धमाके हुए।

मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने मोर्चा संभाला। अनाउंस करके भीड़ को हटाया। चारों तरफ बैरिकेडिंग की। करीब 40 मिनट में आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। अभी तक आग लगने की वजह क्लियर नहीं है। महाकुंभ में 20 दिन में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले सेक्टर- 22 और सेक्टर 19 में आग लग चुकी है।

**हम लोगों ने भागकर जान बचाई- प्रत्यक्षदर्शी**-प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। धुएं के गुबार उठने लगे। यह देखकर हम लोग डर गए। हम लोगों ने भागकर जान बचाई। कई पंडाल जल कर राख हो गए हैं।

बढ़ता TOON!




**बजट सत्र का छठा दिन**



# नए इनकम टैक्स बिल को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दी

## 11 फरवरी को लोकसभा में पेश किया जा सकता है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी। इसे सोमवार को लोकसभा में पेश किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बिल टैक्सेशन सिस्टम में सुधार के लिए एक बड़ा सुधार ला सकता है।

नए इनकम टैक्स बिल को अक्सर डायरेक्ट टैक्स के तौर पर देखा जाता है। इसका मोटिव मौजूदा टैक्स स्ट्रक्चर सिस्टम में सुधार लाना है। इसे और ज्यादा व्यवस्थित और ट्रांसपेरेंट बनाना है। इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन स्कीम और जन शिक्षण संस्थान योजना अब सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्किल इंडिया प्रोग्राम में शामिल की गई हैं।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को 3 साल का विस्तार केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल को तीन साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। आयोग का वर्तमान कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होना था और इसे 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- एनसीएसके के तीन साल के विस्तार का कुल वित्तीय प्रभाव लगभग 50.91 करोड़ रुपए होगा। सरकार के बयान में कहा गया कि इससे सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में मदद मिलेगी।सफाई क्षेत्र में काम करने की स्थिति में सुधार होगा। खतरनाक सफाई (मेन होल-चैंबर) में शून्य मृत्यु दर हासिल करने का टारगेट है।



### कांग्रेस बोली- राज्यों के लिए बजट का बंटवारा सही नहीं

बजट सत्र के छठे दिन लोकसभा में बजट एलोकेशन का मुद्दा उछला। लोकसभा में कांग्रेस सांसद धर्मवीर गांधी ने कहा कि भारत को उसके राज्य बनाते हैं न कि केंद्र। राज्यों के लिए बजट में बंटवारा सही से नहीं किया गया है। पंजाब को कोई बजट नहीं दिया गया है। कांग्रेस सांसद के बयान पर भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा, इतने सालों में कांग्रेस ने जो नुकसान पहुंचाया है, ये उसका नतीजा है। बजट पर बहस के दौरान सपा सांसद ने अमेरिका से भारत लाए गए अप्रवासी भारतीयों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत डिपोर्ट किए गए भारतीयों के साथ सही व्यवहार नहीं किया गया।

### सपा सांसद ने भारतीयों के डिपोर्टेशन का मुद्दा उठाया

लोकसभा में बजट एलोकेशन का मुद्दा उछला। लोकसभा में कांग्रेस सांसद धर्मवीर गांधी ने कहा कि भारत को उसके राज्य बनाते हैं न कि केंद्र। राज्यों के लिए बजट में बंटवारा सही से नहीं किया गया है। पंजाब को कोई बजट नहीं दिया गया है। कांग्रेस सांसद के बयान पर भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा, इतने सालों में कांग्रेस ने जो नुकसान पहुंचाया है, ये उसका नतीजा है। बजट पर बहस के दौरान सपा सांसद ने अमेरिका से भारत लाए गए अप्रवासी भारतीयों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत डिपोर्ट किए गए भारतीयों के साथ सही व्यवहार नहीं किया गया।

#### पीयूष गोयल बोले- लैब में डायमंड बनाने की इंडस्ट्री को और नियम-कानूनों की जरूरत नहीं

कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि लैब-ग्रोन डायमंड इंडस्ट्री के लिए अतिरिक्त रेगुलेशन की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा नियमों के तहत इस सेक्टर की अच्छी ग्रोथ हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नेचुरल डायमंड्स के लिए किंबर्ली प्रोसेस सर्टिफिकेट मान्य है। जहां भी हमने इंडस्ट्री को खुलकर काम करने दिया है, वहां इंडस्ट्री फली-फूली है। इसलिए ज्यादा नियम लागू करना इस इंडस्ट्री के हित में नहीं है।

#### केंद्र ने कहा- 10 लाख बच्चों को पोषण 2.0 से फायदा

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सदन को बताया कि मिशन पोषण 2 .ह के तहत पोषण आहार का वितरण हुआ। 14 साल से कम आयु के बच्चों की देखभाल और शिक्षा की व्यवस्था की गई। इस योजना से अब तक 10 करोड़ से ज्यादा अंडर एज बच्चों को फायदा पहुंचा है।

### बजट रामायण की तरह : टीएमसी सांसद



टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने बजट की निंदा की। उन्होंने कहा, बजट रामायण की तरह था। उन्होंने गरीबों से छीना और देश के रावणों को पैसा दिया। उन्होंने महिलाओं को कैश नहीं दिया। रूस्क पर कोई कानूनी गारंटी नहीं दी। किसान क्रेडिट कार्ड बढ़ाकर किसानों का कर्ज बढ़ा रहे हैं। कोई डेटा है ही नहीं, ऐसे में टैक्स में छूट का फायदा कैसे मिलेगा। कांग्रेस सांसद ने मोदी के भाषण को कांग्रेस फोबिया बताया-कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को कांग्रेस फोबिया बताया। टैगोर ने कहा- प्रधानमंत्री ने गुरुवार के अपने भाषण में कांग्रेस को बिना वजह टारगेट किया। उन्हें, कांग्रेस को छोड़कर भारत की जनता से किए वादों पर ध्यान देना चाहिए।

**सपा सांसद बोले- अमेरिका-चीन हमें कुछ नहीं समझते**-लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने कहा, अमेरिका ने अवैध अप्रवासियों को भारत भेजते वक्त अच्छा व्यवहार नहीं किया। हमारे विश्वगुरु पीएम मोदी उनका भव्य स्वागत करते हैं। ट्रम्प और जिनपिंग हमें कुछ नहीं समझते।

### राजस्थान मेडिकल कौंसिल की कार्यप्रणाली से सीएस नाखुश

**अध्यक्ष पद पर योग्य और अनुभवी डॉक्टर की नियुक्ति समेत पेंडिंग शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल कौंसिल की वर्तमान कार्यप्रणाली से मुख्य सचिव सुधांश पंत नाखुश हैं। उन्होंने कौंसिल में कार्यरत सेवानिवृत और संविदा कर्मचारियों की जगह नियमित कर्मचारियों से कार्रवाई करवाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कौंसिल के अध्यक्ष पद पर योग्य और अनुभवी डॉक्टर्स की नियुक्ति के निर्देश दिए। अभी इस पद पर स्वास्थ्य निदेशालय के निदेशक (जन स्वास्थ्य) को नियुक्ति देने का प्रावधान है। पिछले महीने मुख्य सचिव की अध्यक्षता एक बैठक हुई। जिसमें मेडिकल कौंसिल और नर्सिंग कौंसिल की कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई। बैठक के जारी हुए मिनिट्स में मुख्य सचिव आरएमसी की कार्यप्रणाली और व्यवस्था से नाखुश नजर आए। सीएस ने आरएमसी में खाली पड़े सदस्यों के पदों को भरने की कार्यवाही जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन पदों पर मेडिकल एज्युकेशन डिपार्टमेंट से कॉर्डिनेट करके आरयूएचएस और मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों का नामांकन करवाने के निर्देश दिए।

### आर्मी स्टिकर चिपकाकर नक्सली इलाके से लाए नशे का सामान

**दोनों वाहनों को जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, चावल के बिल पर तस्करी कर लाए**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने 15 करोड़ का डोडा-चूरा पकड़ा है। जो चावल के बिल पर कंटेनर में 1300 किलोमीटर दूर झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाके से तस्करी कर लाया जा रहा था। इनोवा गाड़ी से एस्कॉर्ट कर कंटेनर में भरे 7003 किलो अफीम-डोडा चूरा को तस्करी कर जोधपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस से बचने के लिए वाहनों पर ऑन ड्यूटी आर्मी का स्टिकर चिपका रखा था। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर तीन तस्करों को अरेस्ट किया है। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया- डोडा-चूरा तस्करी में आरोपी हेमराज उर्फ बबलू (47) पुत्र राधाकिशन बैरवा निवासी प्रकाश नगर नीलगंगा उज्जैन मध्यप्रदेश, सोनू निशाद (35) पुत्र मांगीलाल बलाई और मनोज सिंह (32) पुत्र भगवान दास बैरवा निवासी अन्ना नगर गोविन्दपुरा भोपाल मध्यप्रदेश को अरेस्ट किया गया है।

# राजस्थान में 2 दिन सर्द हवा का अलर्ट

## 10 डिग्री से नीचे आया रात का तापमान, कल तापमान बढ़ सकता है

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवा से राजस्थान के शहरों का तापमान लगातार गिर रहा है। शुक्रवार को अजमेर, कोटा, बारां समेत कई शहरों इसका असर रहा। इन शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले 48 घंटों के दौरान इसी तरह की सर्दी रहने की संभावना है। 9 फरवरी से राज्य में तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी और सुबह-शाम की तेज सर्दी से लोगों को राहत मिलनी शुरू होगी।

#### हवा चलने के कारण तेज सर्दी

जयपुर, सीकर, दौसा, अलवर, झुंझुनूं, चूरू समेत कई शहरों में कल दिनभर सर्द हवाएं चलने से दिन में भी हल्की ठिठुरन रही। जयपुर में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 22, चूरू में 24.1, अलवर में 21.8 और झुंझुनूं में 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले अजमेर, बारां, कोटा में कल न्यूनतम तापमान में 1 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हुआ। इन शहरों में कल न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कोटा में कल न्यूनतम तापमान 8.3, अजमेर में 9.1 और बारां में 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**सरहदी जिलों में भी रहा उत्तरी हवाओं का असर**-पाकिस्तान की सीमा से लगते जिले जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, गंगानगर, जालोर, जोधपुर में भी कल उत्तरी हवा का असर रहा। बाड़मेर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 25.9 डिग्री रहा।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस, कलकत्ता हाईकोर्ट में सीबीआई की याचिका मंजूर

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आरजी कर रेप-मर्डर केस से जुड़े मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज कर दी और सीबीआई की याचिका स्वीकार कर ली। दोनों ने दोषी संजय रॉय को निचली अदालत से मिली आजीवन कारावास की सजा को चुनौती दी थी। दोनों याचिकाओं में संजय के लिए मृत्युदंड की मांग की गई थी। जस्टिस देबांगसु बसाक और एमडी सब्बार रशीदी की बेंच ने बंगाल सरकार से कहा कि राज्य सरकार के पास सजा-ए-मौत देने की मांग का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने सीबीआई के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि वह अभियोजन एजेंसी थी, इसलिए उसे सजा की अवधि को चुनौती देने का अधिकार है। सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को 20 जनवरी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 27 जनवरी को हुई सुनवाई कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या हुई।



## सम्पादकीय

# सरकार की इच्छा शक्ति का ही परिणाम है राजस्थान की माइनिंग सेक्टर में लंबी छलांग

माइनिंग सेक्टर के महत्व को रुस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में अमेरिका की हालिया नीति के चलते आसानी से समझा जा सकता है। अमेरिका की यूक्रेन की खनिज संपदा पर नजर है और वह चाहता है कि यूक्रेन को सहयोग करने के बदले में यूक्रेन की खनिज संपदा के दोहन का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से अधिकार अमेरिका को मिल जाए। यही हालात दुनिया के दूसरे देशों की है। आज चीन की मोनोपोली से सभी देश गले तक भर आये हैं वहीं दुनिया के देश खनिज संपदा के भण्डारों की खोज व खनन के विकल्प ढूंढने लगे हैं। यही कारण है कि पिछले एक दशक में मिनरल एक्सप्लोरेशन के कार्य में तेजी आई है। हमारे देश में सतत खनन विकास पर जोर दिया जाने लगा है और 2016-17 से मेजर हो या माइनर मिनरल सभी माइंस नीलाम करना अनिवार्य कर दिया गया है। बदली परिस्थितियों में यह भी साफ हो जाना चाहिए कि सरकारों की ईच्छा शक्ति पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसका ताजातरीन उदाहरण राजस्थान सरकार और राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान मंत्रालय है। देश-दुनिया में अवैध खनन गतिविधियों के लिए कुख्यात माइनिंग सेक्टर को नई पहचान देने के कारगर प्रयास राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार ने कर के दिखाया है। केवल एक साल की समयावधी में ही माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगाने लगा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में दो दिशाओं में तेजी से कदम बढ़ाये। पहला अवैध खनन गतिविधियों पर कारगार अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया तो दूसरी और सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमेप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमली जामा पहुंचायें। सरकार की मंशा के अनुसार विभागीय अमला भी जुट गया और नई सरकार बनने के तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों का भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की गई तो एक साल से कुछ ही अधिक समय में नई सरकार बनने के बाद के जनवरी, 25 तक 15 ब्लॉकों सहित 15 जोड़ 33 ब्लॉक कुल 48 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर नया इतिहास रच दिया गया। राज्य सरकार की उपलब्धि को केन्द्र सरकार द्वारा भी सराहा गया और इसी 20 जनवरी, 25 को ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल मांइस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर राजस्थान के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

जिस तरह के आंकड़ें भारत सरकार के पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि वर्ष 2024-25 में भी राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी में समूचे देश में शीर्ष पर रहेगा। देश दुनिया में माइनिंग सेक्टर की जो इमेज रही है उसे देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खान मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी और कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पिछले एक साल में माइनिंग सेक्टर ने खनिज खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे, एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, माइनिंग सेक्टर में औद्योगिक निवेश और रोजगार के विपुल अवसर सृजित करने के अवसर विकसित कर दिए हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 8 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- व्लादिमीर नामक रूसी शहर को मंगोलों ने 1238 में आग के हवाले किया।
- 1774 से 1785 तक गर्वनर जनरल रहे वारेन हेस्टिंग्स ने 1785 में भारत छोड़ा।
- अंडमान जेल यानि सेल्यूलर जेल में शेर अली ने 1872 में गवर्नर पर हमला करके शहादत प्राप्त की।
- यूरोपीय देश जर्मनी और फ्रांस के बीच 1909 में मोरक्को संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस 1943 में जर्मनी के केल से एक नौका के जरिये जापान के लिये रवाना हुये।
- महारानी एलिजाबेथ 1952 में ब्रिटेन की महारानी और राष्ट्रमंडल देशों की अध्यक्ष बनी थीं।
- दुनिया के पहले इलेक्ट्रॉनिक शेयर बाजार नैस्डैक की शुरुआत 8 फ़रवरी 1971 को हुई।
- लाओस पर दक्षिणी वियतनामी सेना ने 1971 में हमला किया।
- दिल्ली हवाई अड्डे पर 1986 में पहली बार प्रीपेड टैक्सी सेवा शुरु की गई।
- क्रिकेटर कपिल देव ने 1994 में टेस्ट मैचों में 432 विकेट लेकर रिचर्ड हैडली के सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकार्ड को तोड़ दिया था।
- केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अमेरिकी अंतरिक्ष यान स्टारडस्ट 1999 में रवाना।
- सिओल में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच 2006 में तीन समझौते सम्पन्न।
- भूटान नरेश 8 फरवरी, 2007 को अपनी पहली भारतीय यात्रा पर रहे।
- बैंगलौर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के वरिष्ठ वैज्ञानिक शांतनु भट्टाचार्य को 2008 में जी.डी. बिड़ाला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उड़ीसा के शिशुपालगढ़ में 2008 में खुदाई के दौरान 2500 वर्ष पुराना शहर मिला।
- श्री नगर के पास खिलनमर्ग क्षेत्र में 7 फरवरी, 2009 को हुए हिमस्खलन में सेना के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल के 350 जवान बर्फ के नीचे दब गए।
- सऊदी अरब के मदीना शहर में 7 फरवरी, 2014 को एक होटल में आग लग गई, जिसमें 15 लोगों को मौत हो गई, जबकि करीब 30 लोग घायल हो गए।

### 8 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1897 में देश के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का जन्म हुआ था।
- 1925 में प्रसिद्ध भारतीय ठुमरी गायिका शोभा गुर्टू का जन्म हुआ था।

## विशेष आलेख

# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

**कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है।**



– रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है। अब उतना ही यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं के कारण देश भर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। इससे कई छात्र पढ़ाई में पिछड़ने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 300 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं।

# धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?



– ललित गर्ग

**डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर- 2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकड़े गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं।**

ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए?

'हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ-हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास 'सरप्लस' है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है। 'फोर्ब्स' के आंकड़ों के अनुसार ये केवल 200 हैं। करोड़पति अगर चुपचाप देश से जा रहे हैं, तो अरबपति विदेश की धरती से तेज आवाज में सरकार की तारीफ कर रहे हैं और इस तरह के मंत्रों का जाप कर रहे हैं कि 'हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है', कि यह 'दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करा रही विशाल अर्थव्यवस्था है'। प्रश्न है कि इन समृद्ध लोगों का देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में क्या योगदान है? उनका भारत से पलायन क्यों हो रहा है? सरकार इन पर क्या कदम उठा रही है? विपक्षी दल क्यों मौन धारण किये हुए है? क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने, उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की कॉलोनी शख्सियत कलम के आदर्श हैं कन्हैया स्वीट्स के मालिक सीताराम जी सैनी। 15 अगस्त सन 1971 को कुशलगढ़ माधोगढ़ में भृर्तहरि बाबा की तपोभूमि में जन्म लिया और अपने पिता के नाम को रोशन किया सबसे पहले सन 1971 में उनके पिता ने कुशालगढ़ में दुकान खोली और मावा बनाते थे जो जयपुर सप्लाई होता था कक्षा छठी की पढ़ाई करने के बाद यह खुद मावा बेचने के काम में लग गए। ग्रामीण परिवेश था और कुछ कर गुजरने का जज्बा था इसलिए जयपुर जाकर मावा बेचा करते थे किसी बात को लेकर हिसाब किताब में गड़बड़ नजर आने के बाद इन्होंने अपना खुद का काउंटर चला कर मावा काउंटर सेल के रूप में बनाकर बेचने का मन बनाया। सन 1993 में पिताजी गुज़र गए इसके बाद इन्होंने अपनी दुकान पर काउंटर सेल पर अलवर का कलाकंद और मावा बेचने का काम शुरू किया। भृर्तहरि बाबा की कृपा से काम दिन दुगना रात चौगुन बढ़ने लगा। सन 2007 को किसी कारण से यह कोटा गए वहां से कड़ी कचोरी का कॉन्सेप्ट लेकर आए। 2007 में कड़ी कचोरी बनाना शुरू किया जो आज तक अविरल जारी है। जिसे आज भी कुशालगढ़ की कढ़ी कचौरी के नाम से जाना जाता है। इसके साथ ही जंगलों के बीच में इनकी दुकान थी जंगलों से लकड़ी लाकर ईंधन जलाया करते थे लेकिन एक संत ने इनको बताया कि लकड़ी को काटना पाप है इसलिए धोंक की लकड़ी जलाना एक साधु हत्या के बराबर माना जाता है। संत की कही हुई बात उनके मन में ऐसे बैठी और इन्होंने आरा मशीन से लकड़ी लाकर ईंधन के रूप में काम लेना शुरू कर दिया। आसपास के सभी दुकानदारों ने जंगल की लकड़ियां यां बंद कर दी और आरा मशीन की लकड़ियों से मावा बनाने का काम शुरू किया सन 2014 में काम को और ऊंचाई देने के लिए उनके पुत्र भी जवान हो गए इसके बाद 2018 में अलवर में जेल चौराहे के पास, 2020 में नया बस ज्योतिबा फूले सर्किल पर और 2022 में 200 फीट रोड नमन होटल पर अपने नए प्रतिष्ठान खोले। आज कन्हैया स्वीट्स किसी परिचय का मोहताज नहीं अपने बेहतरीन स्वाद, शुद्धता और गैर मिलावटी के कारण अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। पिता के नाम को साकार करने में पुत्र को जो दिल की खुशी मिलती है ये किसी अनमोल उपहार से कम नहीं। सीताराम सैनी जी के आदर्शों पर उनके तीनों पुत्र अंकित कर्णवेश और सौरभ चल रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



सीताराम सैनी
( निदेशक कन्हैया स्वीट्स )

## 2025_038 a बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | | 3 | 5 | 2 | | 9 | 4 |
| | 2 | 7 | 9 | | | 8 | | |
| | | 5 | | 7 | 6 | 3 | 1 | |
| | 3 | 4 | 2 | | | 1 | | |
| 1 | 9 | 8 | 7 | | | | 6 | 5 |
| | 7 | 2 | | 1 | | | 4 | 3 |
| | | 3 | | | | | | |
| 4 | | | 1 | 2 | 7 | 6 | | |
| | 6 | | | 8 | | | | |

Ans_2025_037

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 5 |
| 8 | 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 5 | 9 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**वृष**
उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**
मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

**कर्क**
विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**सिंह**
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**कन्या**
स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। घर में तनाव रह सकता है।

**तुला**
विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक**
रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**धनु**
बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा।

**मकर**
चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें।

**कुंभ**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें।

**मीन**
कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। घर में तनाव रह सकता है।

# सभी बोरवेल एवं कुओं को ढकने की कार्यवाही सुनिश्चित करें : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में घुमंतू एवं अर्धघुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टा वितरण, खुले बोरवेल एवं कुंओं को ढकने को लेकर जिले के सभी एसडीओ, तहसीलदार और विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। साथ ही, गणित विषय को लेकर किए गए नवाचार लक्ष्य-2025, पढ़ाई विद एआई के संबंध में कक्षा 10 के विद्यार्थियों की प्रगति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने घुमंतू एवं अर्धघुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टा दिए जाने की प्रगति को लेकर सभी विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा कर इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। खुले बोरवेल एवं कुंओं को ढकने के संबंध में जिला कलेक्टर ने कहा कि सरकारी एवं निजी भूमि पर बने हुए सभी बोरवेल एवं कुंओं को ढकने की कार्यवाही की सूचना तत्काल भिजवाई जाएं इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला कलेक्टर ने गणित विषय में विद्यार्थियों के अरूचि एवं डर को दूर करने के पिछले माह शुरू किए गए नवाचार लक्ष्य-2025 पढ़ाई विद एआई की ब्लॉक वार समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने जिन विद्यालयों के विद्यार्थियों की अनुपस्थिति कम रही उसे गंभीरता लिया तथा सीबीईओं एवं कलस्टर प्रभारी को विद्यालयों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही, एसडीओ को कम प्रगति वाले विद्यालयों की विशेष मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पढ़ाई विद एआई के निर्धारित सभी इंडीकेटर की बिंदुवार समीक्षा की। उपखंड निवाई, मालपुरा की कम प्रगति को लेकर नाराजगी जाहिर की। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ परशुराम धानका, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, सीडीईओ सुशीला करनानी, डीआईओ सुशील अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## जिला परिषद के नव पदस्थापित सीईओ गौरव बुढानिया ने ली बैठक

# सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाएं और आमजन तक पहुंचाएं : गौरव

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के नव पदस्थापित मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुढानिया ने शुक्रवार को जिले की पंचायत समितियो के विकास अधिकारियों से वन टू वन संवाद कर बैठक के माध्यम से पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में बैठक ली।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने योजनाओं में प्रगति लाने के साथ साथ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सीईओ को योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। सीईओ बुढ़ानिया ने कार्य के प्रति उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिदायत देते हुए समय पर योजनाओं के क्रियान्वयन की बात कही। इससे पहले बुढ़ानिया ने मुख्य कार्यकारी कार्यकारी अधिकारी/ अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला परिषद एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), सवाई माधोपुर का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात् उन्होंने विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर निजी सहायक सहित जिला परिषद के कार्मिक मौजूद रहे। निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी।

जिला परिषद सीईओ गौरव बुडानिया ने पदभार ग्रहण करते ही जिला परिषद अधिकारी व कार्मिकों की बैठक ली।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय करते हुए उन्हें ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ को आमजन तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए। कार्य ग्रहण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, माडा, सांसद, विधायक विकास योजना सहित सरकार की अन्य सभी कल्याणकारी योजनाओं, फ्लैगशिप स्कीम का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर अंतिम छोर पर बैठे पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी।

# पीएम श्री स्कूल दूनी के स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी) ने देखी पुलिस थाना और कोर्ट की गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्टूडेंट पुलिस कैडेट दल ने प्रधानाचार्य भंवर लाल कुमार के सानिध्य में पुलिस थाना दूनी और कोर्ट का भ्रमण करते हुए गतिविधियों का अवलोकन किया । स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी त्रिलोकचंद कलाल ने बताया कि पुलिस थाने में सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल ने छात्रों को थाने की गतिविधियो से अवगत कराया। उन्होंने थाना अधिकारी कार्यालय,रपट कार्यालय, स्वागत कक्ष, रोजनामचा रजिस्टर, मलखाना, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करवाते हुए सुरक्षा से जुड़ी कई जानकारियां दी। साथ ही पुलिस भर्ती प्रक्रिया, पुलिस वर्दी, पुलिस ड्यूटी, आदि के बारे में विस्तार से समझाया। इसके पश्चात कैडेट्स ने दूं सिविल न्यायालय का भ्रमण कर वहां की गतिविधियां तथा न्यायिक प्रक्रियाओ के बारे में विस्तार से चर्चा की। जिसमें छात्रों ने वादी, प्रतिवादी, बहस,वकालतनामा कचहरी, न्यायाधीश के कर्तव्य आदि के बारे में जाना। पीएम श्री योजना प्रभारी सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि राज्य सरकार के आदेश अनुसार पिछले दो वर्षों से विद्यालय में कक्षा 8 और 9 के 40 छात्र-छात्राओं का स्टूडेंट पुलिस कैडेट एसपीसी दल बना हुआ है



जिन्हें पुलिस की वर्दी के साथ पुलिस के कर्तव्य, अनुशासन, यातायात नियम,सेवा सुरक्षा आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य लादू लाल मीणा, प्राध्यापक लादू लाल मीणा, महावीर बडगूजर,हेमराज बलाई,मनीषा जैन आदि उपस्थित रहे।

# पीएम श्री बालिका विद्यालय की 320 छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित चिकित्सा शिविर में विद्यालय की 320 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। शुक्रवार को खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी के नेतृत्व में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश सामरिया, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जीतराम मीणा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेरणा शर्मा, दंत रोग चिकित्सक डॉ. प्रवीण जांगिड़, डॉ. राजकुमार गुप्ता, नेत्र सहायक रामधन चौधरी , नर्सिंग आफीसर पुखराज गुर्जर, आमिर नकवी, लेब टेक्नीशियन लोकेश पोषक, निखिल, दीपक, लोकेश वर्मा सहित अन्य विभागीय जांच दल मौजुद रहे। शिविर के दौरान छात्राओं की बीपी, शूगर की जांच, वजन, दांत व नाक कान गला सहित अन्य रोगो की विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा की जाकर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। जांच दल में शामिल चिकित्सको ने छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। साथ ही छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। चिकित्सा विभाग से आए जांच दल में शामिल चिकित्सको व अन्य अधिकारियो तथा कर्मचारियो का विद्यालय प्रधानाचार्य अनुपमा कालरा, शिविर संयोजक राकेश चौधरी, बृजराज सिंह व शाला परिवार के अन्य सदस्यो ने स्वागत सम्मान किया।

# पालिकाध्यक्ष को हुआ दादी सास का शोक

## तीय की बैठक आज विजयवर्गीय सेवा सदन में स्व. रतनी देवी सोनी ने लगभग एक सो वर्ष की लम्बी उम्र प्राप्त करने के बाद अपनी देह त्यागी है

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी की दादी सास रतनी देवी सोनी शतायु उम्र के बाद गुरूवार को अचानक देहावसान हो गया। जिनके तीए की बैठक शनिवार को प्रात: 11 से 12 बजे तक विजयवर्गीय सेवा सदन में रखी गई है। मालपुरा के विशाल जवड़ा स्वर्णकार परिवार की लगभग सो वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद रतनी देवी सोनी ने गुरूवार को तड़के भरा पूरा परिवार छोड़कर देवलोगमन कर देह त्याग दी। जवड़ा स्वर्णकार परिवार के मुखिया एवं नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के ससुर रामकिशोर सोनी ने बताया कि स्व. रतनी देवी के निधन के बाद तीये की बैठक शनिवार को प्रात: 11 से 12 बजे तक विजयवर्गीय सेवा सदन में रखी गई है। उन्होंने बताया कि स्व. रतनी देवी सोनी ने सो वर्ष की लम्बी उम्र प्राप्त कर अपनी देह त्यागी है। गौरतलब है कि स्व. रतनी देवी ने अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई। जिसमें बेटे पोते, पड़ पोते, बेटीयां, दोहितियां व पड़ दोहितियां तक शामिल है। इधर स्व. रतनी देवी के आकस्मिक निधन के समाचार सुनते ही मालपुरा के लोग शोक में डूब गए। साथ ही संवेदना प्रकट करने के लिए पालिकाध्यक्ष सोनी के निवास पर आने वाले आम जन का तांता लगा हुआ है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य व पीईईओ डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन विद्यालय के पूर्व छात्र व बीसीएमओ निवाई डॉ. पवन कुमार हाथीवाल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ.रचना गर्ग, सीनीयर नर्सिंग ऑफिसर कैलाश मीना,एलएचवी सुषमा कुमारी व प्रान्त पूर्णकालिक स्वावलंबी भारत अभियान ब्रह्मदत्त रहे।कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर प्रभारी ऋषिराज चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ बीसीएमओ डॉ. पवन कुमार हाथीवाल, डॉ.मुकेश सामोता,डॉ.नीलम बरूना,डॉ.नितिन सैनी,कैलाश चन्द मीना,राजेश सिंह बैरवा,आशा सबनानी, कोमल शर्मा व विशाल सैनी बच्चों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग जांच करेंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों को चिकित्सक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# महाविधालय में एनएसएस शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में देशभक्ति राजस्थानी नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुलोचना मीणा एवं अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर चंचल गर्ग द्वारा की गई ।। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉण्अर्चनाआनंद ए पन्नाधाय महिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य डॉक्टर अलका सक्सेना एवं महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक देशराज सिंह ए रामावतार सैनी रहे।

मुख्य अतिथि डॉक्टर मीणा ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा का जीवन में महत्व एवं सामाजिक गतिविधियों की जीवन में उपयोगिताएं बताइ ।। अतिथियों द्वारा शिविर के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्र.छात्राओं को पारितोषिक वितरण का सम्मानित किया।। मीडिया प्रभारी परितोष गौतम ने बताया कि महाविद्यालय के निदेशक चंद्रवीर सिंह चौहान द्वारा चलाए जा रहे एक महाविद्यालय श्रेष्ठ महाविद्यालय कार्यक्रम के तहत छात्र.छात्राओं को निशुल्क बैग वितरण किए गए ।।

इस दौरान शिविर प्रभारी गणेश जाट विजयलक्ष्मी गौतम ए रमा गौतमए सुमन राठौड आंचल शर्मा हिना महावर शारीरिक शिक्षक खुशीराम मीना सुरेश गुर्जर नवीन गौतम पवन साहू ईश्वर गुर्जर उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई : अवधिपार मसाले करवाए नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने बहरावण्डा खुर्द में कार्यवाही करने पहुंची।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि बहरावंडा खुर्द में खाद्य कारोबरकर्ता के यहाँ अवधिपार लाल मिर्च पाउडर अलग अलग पैकिंग में रखी मिली, जिन्हे मौके पर ही नष्ट कराया! साथ ही एक नमूना दीपक ब्रांड नमकीन का लिया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठानों के कढाई में काम लिए जा रहे तेल को चेक किया जिनके टीपीसी वैल्यू ज़्यादा मिली, उन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। वहीं वजीरपुर में विभिन्न दुकानों का निरीक्षण कर 5 नमूने लाल मिर्च पाउडर,चाय ,हल्दी पाउडर आर आर एम, मामरा बादाम देव व नमकीन के नमूने लिए। सूचना मिलते ही अधिकतर दुकानदरों ने दुकाने बंद कर दी व पूरा



बाज़ार बंद हो गया। वहीं गंगापुर सिटी में विभिन्न खाद्य कारोबारकर्ता संस्थाओं का निरीक्षण किया व सैनिक कैंटीन से 5 नमूने नमकीन, मिर्ची पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर व सूजी आदि के नमूने खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए गए।लिए गए सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच हेतु जयपुर लैब भेजे गए। रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# ज्वैलर्स की दुकान में अज्ञात कारणो से लगी आग से हुआ भारी नुकसान

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा शहर के अति व्यस्तम गांधी पार्क के नजदीक स्थित ज्वैलर्स की दुकान स्वर्णदीप ज्वैलर्स में अज्ञात कारणो से लगी आग पर नगरपालिका के दमकल वाहन व दमकल कर्मचारियो ने काबू पाया। शुक्रवार को तड़के अज्ञात कारणो से स्वर्णदीप ज्वैलर्स की दुकान में अज्ञात कारणो से आग लग गई। आग की जानकारी लगते ही आस पड़ोस के लोगो ने दुकान मालिक व नगरपालिका दमकल को सूचना दी। सूचना पर मालिक व नगरपालिका के दमकल वाहन पर तैनात चालक अकरम व फायरमेन त्रिलोक दमकल वाहन के साथ तुरन्त मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। दुकान मालिक इन्दर सोनी ने बताया कि आग से दुकान में लगा फर्नीचर सहित अन्य कीमती सामन पूरी तरह से जल कर राख हो गया।

# देवली में पुलिस की नव कालिका यूनिट ने मजनू मनचले आवारा युवकों पर कसा शिकंजा

## नव कालिका महिला पुलिस के हत्थे चढ़ा आवारा मजनू रोज डे पड़ा भारी

## पीड़ित छात्रा की सूचना पर पहुंची थी महिला पुलिसकर्मी

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों शहर में पुलिस प्रशासन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए देवली थाने पर नव कालिका यूनिट में शामिल महिला पुलिसकर्मियों को स्पेशल टीम के रूप में तैनात किया हुआ है। शुक्रवार को यहां नव कालिका दो महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं पर फब्तियां कसने के मामले में एक मजनू युवक को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है । जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि एक आवारा युवक बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास बालिकाओं पर फब्तियां कस रहा है। उक्त सूचना मिलने के बाद थाने में तैनात नव कालिका महिला पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां नव कालिका पुलिस कर्मी रजिया और गायत्री ने देखा कि हंसराज पुत्र पप्पू लाल रेगर स्कूल में पढ़ने वाली छात्रोंओ छेड़छाड़ कर रहा था तो वही देखा कि उक्त युवक बालिकाओं को रोज डे होने की बात कह कर फबतिया कस रहा था। इस दौरान उक्त दोनों महिला पुलिसकर्मियों ने पहले तो युवक को प्यार से समझाने का प्रयास किया। लेकिन युवक पुलिसकर्मियों की



बात को नजर अंदाज करता रहा इसलिए की उक्त मजनू युवक पर इश्क का भूत सवार था। इस दौरान पुलिसकर्मी रजिया व गायत्री की नव कालिका यूनिट ने युवक हंसराज पुत्र पप्पू लाल रेगर निवासी इटुंदा थाना हनुमान नगर को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार करते हुए उक्त युवक पर पुलिस की अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** दिनांक : 07.02.2025 - आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 08.03.2025 की तैयारियों के क्रम में श्री दिनेश कुमार जलुथरिया, (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक, जिला टोंक की अध्यक्षता में दिनांक 07.02.2025 को मीटिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक में आयोजित की गई। मीटिंग में एलडीएम टोंक एवं बैंकों से संबंधित प्री-लिटिगेशन एवं लंबित श्रेणी के प्रकरणों को आपसी राजीनामे के माध्यम से निस्तारित किए जाने हेतु कार्य योजना पर विचार-विमर्श बाबत् चर्चा की गई। मीटिंग में एल.डी.एम, टोंक श्री कल्याण जाखड एवं विभिन्न बैंकों से उपस्थित आये प्रबन्धकगण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किये जानें हेतु प्रेरित किया गया साथ ही एलडीएम टोंक एवं प्रबन्धकगण को न्यायालयों में लंबित बैंकों के 138 एनआई एक्ट प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी से संबंधित प्रकरणों में राजीनामें की कार्यवाही किये जानें हेतु निर्देशित किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा मीटिंग में उपस्थित आये अधिकारीगण को प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को शीघ्रातिशीघ्र कार्यालय में पेश किये जानें हेतु निर्देशित किया गया ताकि संबंधित प्रकरणों में सम्यक एवं प्रभावी तामील करवाई जा सके।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 37 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर खारोल समाज के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 7 -2-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर खारोल समाज के सदस्य बन्नालाल खारोल और पन्नालाल खारोल नेतृत्व में शाहपुरा को यथावत जिला बनाये रखने की मांग करते हुए जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में सैकड़ो की संख्या में खारोल समाज के समाजजन सावरलाल रामेश्वर जगदीश बनवारी नंदा खारोल रामनाथ श्रीकिशन खारोल राजू खारोल लक्ष्मण खारोल पन्नालाल खारोल सहित कई सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुर जिले को बहाल करने का ज्ञापन दिया । खारोल समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट , महासचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्तात्रिलोक चंद नोलखा अनिल शर्मा आशीष पालीवाल चावण्ड सिंह संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलकी सत्यनारायण पाठक सूर्यप्रकाश ओझा राजेन्द्र बोहरा कवि दिनेश बंटी सहित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया । संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि सामाजिक संगठनों का लगातार समर्थन मिल रहा हैं आज मिडोलिया पंचायत के ग्रामवासी रामप्रसाद जाट और पन्नालाल खारोल के नेतृत्व में गोपाल जाट बाबूलाल बलाई महावीर जाट मिठू रेगर उदय खारोल रामदेव बेरवा सहित ग्रामीण धरना स्थल पर पहुंचकर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा को लिखित समर्थन पत्र सौंप कर सहयोग का आश्वासन दिया। कल 8 फरवरी को ई मित्र संघ शाहपुरा के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# काशी के 25 कलाकार आज से करेंगे 11 दिवसीय रामलीला का मंचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्री रामायण प्रचारक मण्डल वाराणसी द्वारा सविना में रामलीला मण्डल काशी (बनारस) के सुप्रसिद्ध 25 कलाकारों द्वारा पहली बार 11 दिवसीय एतिहासिक भव्य श्री रामलीला महोत्सव का विशाल आयोजन शनिवार 8 फरवरी से प्रारम्भ होगा। आयोजक दिलीप जैन सह संयोजक , सुरेश सिंह जी यादव ने बताया कि 8 फरवरी 2025 से 18 फरवरी 2025 तक प्रतिदिन रात्रि 7.30 बजे से 10.30 बजे तक सेक्टर 9 सविना मुख्य चौराया रामलीला का मंचन होगा संगीत मय एवं भावार्थ के साथ संपूर्ण राम जी का चरित्र चित्रण दिखाएं एवं दर्शाया जाएगा । इस दौरान 5100 हनुमान चालीसा वितरण एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का विशाल आयोजन होगा। रामलीला के आयोजक ,दिलीप जैन ने बताया कि 8 फरवरी को दशरथ पुत्रेष्टि यज्ञ एवं श्रीराम जन्म, 9 को मुनि आगमन व ताड़का, मारीच, सुबाहु वध, 10 सोमवार को सीता स्वयंवर एवं रावण बाणासुर संवाद,11 मंगलवार को श्री परशुराम-लक्ष्मण संवाद, श्रीराम सीता विवाह,12 बुधवार को श्रीराम राज्याभिषेक की तैयारी एवं श्रीराम वनवास, 13 गुरूवार को सुर्पणखा नाक छेदन, सीता हरण,14 शुक्रवार को सबरी भेंट व राम हनुमान मिलन एवं बाली वध, 15 शनिवार भरत मिलाप,16 रविवार को माता सीता की खोज एवं लंका दहन,17 सोमवार को लक्ष्मण शक्ति, श्रीराम विलाप,18 मंगलवार को कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध, अहिरावण वध रावण वध एवं श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजनकर्ता श्रीमती केसरदेवी, स्व.शंकरलाल जी जैन , किरण- दिलीप जैन, श्रीमती नक्षत्रा कोशिक जैन, रौनक जैन एवं समस्त धर्म प्रेमीजन एंव नवयुवक मंडल सविना समस्त ग्रामवासी है।

# जिला स्तरीय अमृता हाट मेले का शुभारंभ शनिवार को, जिले के सरदारशहर में 17 फरवरी तक चलेगा मेला

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के सरदारशहर मुख्यालय पर जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय अमृता हाट मेले का शनिवार, 08 फरवरी को सवेरे 11 बजे शुभारंभ किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक जयप्रकाश ने बताया कि जिले के सरदारशहर उपखंड मुख्यालय स्थित ताल मैदान में 17 फरवरी, 2025 तक जिला स्तरीय अमृता हाट मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों व महिलाओं द्वारा निर्मित व मूल्य संवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी। इसी के साथ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा जनकल्याणकारी योजना का लाभ दिलाये

## शिविरों का किया औचक निरीक्षण व किसानों से मिलकर लिया फीडबैक

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने तहसील बदनोर के ग्राम पंचायत मोठी, में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक काउंटर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ग्रामीणों से संवाद किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुँचाने के आदेश दिये। जिला कलेक्टर डॉ. खडगावत ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का कोई भी पात्र किसान आवश्यक पहचान पत्र बनवाने से वंचित ना रहे, संबंधित उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार इस कार्य को गंभीरता से लें और सुनिश्चित करें कि हर लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले, यदि आवश्यक हो, तो शिविर को देर तक चलाया जाए ताकि कोई भी किसान पंजीकरण से वंचित ना रहे। इसी तरह नरबदखेड़ा कैम्प का भी निरीक्षण किया जहां आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप में कलेक्टर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों की फॉर्मर आईडी जनरेट हो, और कोई भी किसान शिविर से बिना पंजीयन के वापस ना जाए। जिला कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत निंबाज, आगेवाह और जैतारण में आयोजित शिविरों का भी निरीक्षण किया, और कहा कि इन शिविरों के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। डॉ. खडगावत ने कहा कि शिविरों में ग्रामीणों की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि प्रशासनिक प्रयासों से जनता को वास्तविक राहत मिल रहा है।

# रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर अधिकारीयों ने सुनी कर्मचारियों की समस्या, कर्मचारी संपर्क शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर के रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार कों कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कर्मचारी संपर्क व शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया। जानकारी देते हुए कृष्ण कुमार मीना वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ के निर्देशानुसार व मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार के मार्गदर्शन में जयपुर मंडल पर कर्मचारीयों की समस्याओं के समाधान हेतु मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं कार्यालय पर कर्मचारी संपर्क व शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में शुक्रवार कों रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर रेलवे की और से सुबह 11 बजे से कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित गति से निपटान करने के लिए कर्मचारी संपर्क व शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक सेवारत और सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने वेतन संबंधी,सेवा संबंधी, पास,पदोन्नति,निपटारा,कर्मचारी कल्याण संबंधी,आवास एवं परिवारिक समस्याओं एवं शिकायतों से अवगत कराकर लगभग 30 प्रार्थना पत्र दिए। जिनका मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. सुनीता चौधरी ने त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी पीके सिंह के निर्देशन में जयपुर मंडल में फरवरी,मार्च व अप्रैल माह में कर्मचारी संपर्क शिविर रखे गए हैं। जिसमें कर्मचारियों से संपर्क व समस्या का समाधान किया जाएगा। आगामी कर्मचारी संपर्क शिविर फरवरी माह में 13 फरवरी को फुलेरा, 27 फरवरी को कोच केयर कॉम्प्लेक्स जयपुर व 28 फरवरी को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जयपुर एवं मार्च माह में 3 मार्च को अलवर,12 मार्च को सीकर व अप्रैल माह में 9 अप्रैल को बांदीकुई,14 अप्रैल को किशनगढ़ में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कर्मचारी अपनी शिकायत निवारण के लिए संपर्क कर सकते हैं। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर शिविर के दौरान वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर जयपुर प्रमोद रावत,मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. सुनीता चौधरी,मुख्य कार्मिक एवं कल्याण निरीक्षक आर के मीणा,कार्मिक एवं कल्याण निरीक्षक के.आर.चौधरी,स्टेशन अधीक्षक रेवाड़ी व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजकीय चिकित्सालय में गाय घूमती रही, किसी ने नहीं निकाला बाहर



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** स्थानीय राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में गोवंश के घूमने की घटना चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करती है। चिकित्सालय में जहां एक और चोर मोबाईल व लोकेट चुराकर ले जाते हैं और वह दृश्य सीसीटीवी कैमरे तक में कैद नहीं होता है तो आखिर निराश्रित गौवंश व अन्य आवारा पशुओं के बारे में तो क्या कहा जा सकता है।

यह निराश्रित गाय बेहिचक चिकित्सालय के वार्ड में घुस गई लेकिन किसी भी कर्मचारी अथवा सिक्यूरिटी गार्ड ने इसे बाहर निकालने की कोई कौशिश नहीं की। चिकित्सालय में इस घटना को देखकर कई मरीज भी अचम्भित रह गये। मरीजों का तो मानना है कि एक और जहां मरीजों का सामान सुरक्षित नहीं है वहीं अब गायों का अन्दर आना, कुत्तों का वार्डों में घुमना व चुहों द्वारा सामानों के कुतरने जैसी घटनायें घट जाती है। इससे पहले भी इस अस्पताल में कई अन्य जानवरों के प्रवेश की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे अस्पताल प्रशासन की लापरवाही उजागर हुई। चिकित्सालय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से मरीजों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने होगें।

# जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के मेवाड़ रीजन के संस्थापक अध्यक्षों की बैठक ओजित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के मेवाड़ रीजन की संस्थापक अध्यक्षों की द आर्ची होटल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जैन सोशल ग्रुप्स मेवाड़ रीजन के चेयरमैन इलेक्ट अरुण मांडोत ने की। बैठक में संस्थापक अध्यक्षों डॉ.ओ.पी. चपलोत, मोहन बोहरा, अनिल नाहर सहित पारस ढेलावत, रोशनलाल डांगी, प्रकाश कोठारी,हिमांशु मेहता, आशुतोष सिसोदिया, जितेंद्र हरकावत, धीरज छाजेड़, शुभम गांधी, राजमल जैन, सुभाष कोठारी, वैभव भंडारी, पंकज मांडावत, अर्जुन खोखावत, आलोक पगारिया, मुकेश जैन, प्रशांत जैन, स्नेहदीप भानावत, आर. सी. मेहता, महेश पोरवाल, तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थापक अध्यक्ष उपस्थित थे। महिला सदस्यों में श्रीमती शकुंतला पोरवाल, श्रीमती रेखा जैन, श्रीमती मधु खमेसरा, श्रीमती मंजू गांग, श्रीमती कौशल्या जैन, श्रीमती रश्मि पगारिया, श्रीमती रानू भानावत आदि ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। माण्डोत ने बताया कि बैठक में बंधुत्व से व्यापार, बंधुत्व से प्रेम,समूहों के बीच एकता और सौहार्द बढ़ाने पर जोर,सभी ग्रुप्स का समन्वय,सभी जैन सोशल ग्रुप्स को एकजुट रखने की रणनीति,व्यावसायिक डायरेक्टरी, मेवाड़ रीजन के लिए व्यापारिक नेटवर्किंग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से,भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन, संगठन के स्थायी कार्यालय के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा,ग्रुप में वित्तीय पारदर्शिता और सुदृढ़ता के लिए सुझाव,ग्रुप पंजीकरण प्रक्रिया,सभी ग्रुप्स को आधिकारिक रूप से पंजीकृत कराने की कार्यवाही,शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, शिक्षा के क्षेत्र में नई योजनाएं एवं विकास के कार्य,जल संरक्षण परियोजनाएं,पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जल संरक्षण पर विशेष बल,युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम, युवाओं के लिए स्कॉलरशिप, कैरियर गाइडेंस, और रोजगार के अवसर सृजन पर विचार किया गया। बैठक के अंत में चैयरमेन इलेक्ट अरुण मांडोत ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सभी संस्थापक अध्यक्षों ने इस प्रस्ताव पर सहयोग और सहमति जताई और भविष्य में भी इसी प्रकार की सक्रियता और योगदान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एसआईपीएफ दावा प्रपत्र ऑनलाईन सबमिट करें

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** राज्य कर्मचारियों से उनकी एसआईपीएफ दावा प्रपत्र ऑनलाइन सबमिट करने के लिए कहा गया है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सहायक निदेशक भंवर लाल जल ने बताया कि राज्य कर्मचारियों जिनकी जन्म दिनांक 01 अप्रैल, 1965 से 31 मार्च, 1966 तक है, उन बीमेदारों की बीमा पॉलिसी 01 अप्रैल, 2025 को भुगतान के लिए परिपक्व हो रही है। जिन कार्मिको ने अभी तक अपने दावा सबमिट नहीं किए हैं, वे कर्मचारी दावा भुगतान हेतु बीमेदार की एसएसओ आईडी एसआईपीएफ न्यू पोर्टल में बीमा पॉलिसी, बीमा पास बुक, पदस्थापन विवरण सहित अन्य दस्तावेज ई-बैग में अपलोड कर दावा प्रपत्र ऑन लाईन सबमिट करते हुए अपने दावा अविलम्ब भिजवाएं। उन्होंने बताया कि इस हेतु बीमेदार की अंतिम बीमा कटौती माह दिसम्बर, 2024 तक के वेतन से की जानी है। दिसंबर, 2024 माह के वेतन के पश्चात बीमा कटौती नहीं की जाए। बीमेदार के बैंक खाते में परिपक्वता स्वत्व की राशि जमा कराने की कार्यवाही राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कर्मचारी सुनिश्चित करें कि भिजवाई गई बैंक डिटेल पै-मैनेजर के अनुसार सही है, ताकि राशि सही खाते में जमा हो।

# जशन ए ख्वाजा गरीब नवाज 15 को, पोस्टर विमोचन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रजा ए सुल्तानुल हिन्द ग्रुप व जुम्ला अराकिने कमेटी द्वारा आगामी 15 फरवरी को मोहल्ला कहारवाड़ी में मौलाना रईसुल क़ादरी की सदारत में एक दिवसीय 'जशन ए ख्वाजा गरीब नवाज़' का आयोजन होगा। जिसका पोस्टर विमोचन शुक्रवार को मोहल्ले की कमेटी एवं दीगर मोतबिरों की उपस्थिति में बाद नमाज ए जुमआ कहारवाड़ी मदरसे में हुआ। जानकारी देते हुए मीडिया कोर्डिनेटर इज़हार हुसैन ने बताया कि इस जश्न में बड़े औलमा ए इकराम के प्रवचन के साथ ही इसमें एक धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिससे बच्चों और नौजवानों में दिनी एवं दुनियावी शिक्षा को लेकर प्रोत्साहन मिलेगा। जश्न में काज़ी ए शहर भीलवाड़ा,मोहम्मद अशरफ़ जीलानी, सैय्यद फाज़िल मियाँ,मौलाना रईसुल क़ादरी के अलावा शहर के कई दीगर मौलाना एवं नात खां मौजूद रहेंगे। पोस्टर विमोचन के मौक़े पर रियाज़ हुसैन, रियाज़ अहमद, सलीम हुसैन मोहम्मद अयुब, शकील हुसैन, फ़िरोज़ खान, अतीक अज़हरी , शोएब खान , मोहम्मद आवेश,

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा का संवेदनशील प्रयास, वीडियो संदेश जारी कर आमजन से की अपील

## खुले बोरवेल की दे सकते हैं सूचना, जिले में अब तक ढकवाए 3035 बोरवेल

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए वीडियो संदेश जारी कर आमजन से खुले बोरवेलों की सूचना देने की अपील की है। जिला कलक्टर सुराणा ने अपील की है कि जिले में आमजन अपने परिवेश में कहीं पर भी खुले बोरवेल हो तो उसकी सूचना जिला कलक्टर कार्यालय में दें, ताकि त्वरित प्रयास के साथ खुले बोरवेलों को ढकवाया जा सके और हादसों से बचा जा सके। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में सभी उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों व नगर निकाय अधिकारियों के माध्यम से 3035 से अधिक बोरवेलों को ढकवाया गया है। शत प्रतिशत बोरवेलों को सुरक्षित रूप से ढके होने के लिए आमजन का सहयोग अपेक्षित है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से शत- प्रतिशत बोरवेलों को सुरक्षित रूप से ढका जा सके। इसलिए कहीं खुला बोरवेल रह गया हो तो हादसों के आशंका को देखते हुए जिलेवासी जिला कलक्टर कार्यालय, संबंधित उपखंड व तहसील कार्यालय तथा ईमेल ऐड्रेस dm-chu-rj@nic.in व मोबाइल नंबर 01562 -



251322 पर खुले बोरवेल की सूचना दे सकते हैं, ताकि उनको त्वरितता से ढकवाया जाकर हादसों से बचा जा सके। जिला कलक्टर ने कहा कि खुले बोरवेलों को ढकवाने के लिए उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं नगर निकाय अधिकारियों को समुचित दिशा - निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना का सदस्यता अभियान प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना द्वारा सदस्यता अभियान शुरू किया गया जिसका मकरध्वज बालाजी धाम के महंत प्रकाश नाथ शास्त्री ने सदस्यता फॉर्म का विमोचन किया महंत प्रकाश नाथ शास्त्री ने सदस्यता फॉर्म के विमोचन के अवसर पर गौ रक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन धर्म में गौ माता का विशेष स्थान है। गौ माता की रक्षा करना हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। गौ सेवा और संरक्षण से न केवल आध्यात्मिक लाभ होते हैं, बल्कि यह समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना में भी सहायक है। महंत प्रकाशनाथ ने अपने अनुयायियों को गौ रक्षा के प्रति समर्पित रहने और इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से व्यक्ति को आत्मिक शांति और पुण्य की प्राप्ति होती है, जो जीवन को सार्थक बनाता है। ब्यावर जिला संयोजक देवेन्द्र जटिया ने बताया कि इस ब्यावर जिले में लगभग 5000 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान संगठन की विचारधारा को मजबूत करने, हिंदू समाज की एकजुटता को बढ़ावा देने और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नए सदस्यों को संगठन की नीतियों और उद्देश्यों से अवगत कराया जाएगा, साथ ही उन्हें हिंदू धर्म, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित ब्यावर जिला संयोजक देवेंद्र जटिया ब्यावर जिला प्रभारी चंद्र प्रकाश जी पटवारी जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र धानका सूरज जी मेघवंशी ब्यावर विधानसभा नगर अध्यक्ष सोनू चौहान सचिव राधेश्याम भट्ट मीडिया प्रभारी विशाल माथुर मनीष साहू कुलदीप सिंह चौहान आदि सदस्य मौजूद रहे।

# उदयपुर जैन हुमड समाज के रमेश शाह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर जैन हुमड समाज की आदिनाथ भवन में आयोजित एक बैठक में रमेश शाह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। समाज के सचिव अमृत बोहरा ने बताया कि यह निर्णय समाज के सामूहिक एकता और सहयोग का प्रतीक है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश वगेरिया ने की, जबकि समाज प्रमुख अशोक शाह भी कार्यक्रम में मौजूद थे और उन्होंने अध्यक्ष रमेश शाह को शुभकामनाएं दीं। समाज के वरिष्ठ सदस्य और आमजन दोनों ने इस चुनाव को सामूहिक निर्णय के रूप में देखा। रमेश शाह के निर्विरोध चयन से समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है, और सभी सदस्य उनके नेतृत्व में समाज की समृद्धि की ओर अग्रसर होने की उम्मीद रखते हैं। शाह का नेतृत्व समाज की उन्नति और सभी कार्यों के कुशल संचालन में मददगार सिद्ध होगा। इस अवसर पर समाज ने अपनी एकता और संकल्प को दृढ़ किया, जिससे यह कार्यक्रम यादगार बन गया।

## नेवरिया रात्रि चौपाल मे ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निस्तारण

### चौपाल में 30 से अधिक प्रकरण आये

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार गुरुवार रात्रि को राशमी उपखण्ड के नेवरिया ग्राम के विद्यालय प्रांगण मे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक की उपस्थिति मे जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई मे ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या उठाने पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अवैध कनेक्शन की जाँच करने के साथ ही समस्या के तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। जनसुनवाई मे 30 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए, प्रकरणों में 11 हजार केवी की लाईन के तार हटवाने, बिजली के अत्यधिक बिल आने, कृषि भूमि को आबादी मे कन्वर्ट करवाने, खेत पर जाने का रास्ता देने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि दिलाने, पट्टे बनाने, पाइप लाईन डालने, खेल मैदान का प्रस्ताव भिजवाने, देवस्थान भूमि पर अवैध कब्ज़ा हटवाने, विद्यालय की चार दीवारी बनाने सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर संबधित अधिकारियो को निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में तहसीलदार एवं गिरदावर को निर्देश दिए कि अवैध अतिक्रमण की जाँच कर कार्रवाई करें। इस दौरान प्रधान दिनेश बुनकर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, एसडीएम अंजना शर्मा, तहसीलदार, विकास अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, अधीक्षण अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जितेंद्र गढ़वाल, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर शंकर लाल जाट, कृषि विस्तार है संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार जागा, जनप्रतिनिधि, सरपंच, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कैरियर विकल्पों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने हेतु 10 फरवरी कपासन में मेले का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर के मार्ग स्थित पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में अध्ययन एवं रोजगार में आपसी समन्वय विकसित करने तथा कक्षा 10-12 बाद उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों को विद्यार्थियों तक पहुचाने के उद्देश्य से राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार कॅरियर मेले का आयोजन सोमवार को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, स्कूल विकास व प्रबंधन समिति सदस्य, प्रधानाचार्य सुमेर सिंह, इरफान अली, अभिभावक एवं विद्यार्थीयों की उपस्थिति में किया जायेगा।

कैरियर गाइडेंस राज्य संसाधन समूह सदस्य एवं व्याख्याता अश्विनी कुमार व्यास ने बताया कि केरियर मेले में जी-20 सम्मेलन में आकोला क्षेत्र से छपाई कला का प्रतिनिधित्व करने वाले योगेश छिपा, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर तकनीशियन, टेलर, प्रजापत, ब्यूटीशियन, एयरहोस्टेस, केक आर्टिस्ट, सीएनसी कार्य करने वाले कामगर स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों को नवीन व्यवसाय हेतु जानकारी प्रदान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, सफल किसान, आकोला छपाई कला के कलाकार, उच्च शिक्षा में प्राध्यापक, बैंकिंग, सेना, चिकित्सा, कृषि, अधिवक्ता क्षेत्रीय उद्यमी आदि वार्ताकार विद्यार्थियों को नये कैरियर चुनने हेतु प्रोत्साहित करेंगें।

## आखातीज पर होगा माली सैनी समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन, 101 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** माली सैनी समाज द्वारा आगामी 30 अप्रैल को आखातीज पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में तैयारियों को लेकर यहां पुरानी केकड़ी स्थित मालियान संस्था भवन में गतरात्रि को नवयुवक मंडल व पंचगणों के संयुक्त तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई। समाज के नवयुवक मंडल अध्यक्ष हेमराज कच्छावा ने बताया कि बैठक कल्याण बागवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 101 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में विचार विमर्श के पश्चात समाज के पंचों द्वारा मुख्य कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन का संरक्षक रामचंद्र अरेडिया, अध्यक्ष गणेश कच्छावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोभाराम करोड़ीवाल, सचिव रतनलाल अरेडिया, कोषाध्यक्ष बिरदीचंद बागवाल, संयोजक बद्री लाल बाथरा, संगठन मंत्री पार्षद रामधन करोड़ीवाल, प्रचार मंत्री बाबूलाल सुईवाल व जोड़ा चयन समिति अध्यक्ष पप्पू लाल अजमेरा को बनाया गया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से फिजूल खर्ची पर अंकुश लगता है तथा इससे समाज में आदर्श परंपरा स्थापित होती है।

बैठक में कन्हैया लाल मौर्या, लादूराम खरोलिया, रतनलाल भभीवाल, सुखलाल, नंदलाल, भैरूलाल, धनराज करोड़ीवाल, रतन लाल लंबरदार, हेमराज अरेडिया, ओमप्रकाश अजमेरा, ओमप्रकाश गुड़गांवा, बालूराम करोडीवाल, धर्मीचंद, प्रहलाद झाड़ोलिया, रामनिवास करोड़ीवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला परिषद सदस्य उपचुनाव 2025

### दो प्रत्याशी मैदान में, चुनाव चिन्ह का आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** जिला परिषद सदस्य के उपचुनाव हेतु गुरुवार को को नाम वापसी की समयावधि पश्चात् अंतिम रूप से मैदान में रहे दो प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद सदस्य उप चुनाव (जिला कलक्टर) आलोक रंजन ने बताया कि चुनाव चिन्ह आवंटन प्रक्रिया पश्चात् विधिमान्यत: नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों में जिनके नाम निर्देशन पत्र मंजूर किये गये है और वापस नहीं लिये गये हैं।

जिनमे प्रभु लाल धाकड़ को कमल का चिन्ह एवं मनोज कुमार को हाथ का निशान चुनाव चिन्ह आवंटन किया गया है।

### झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में हुआ नवाचार

# राजस्थान में किसी सरकारी अस्पताल में न्यूरोसर्जन द्वारा किया गया पहला ब्रेकियल प्लेक्सस का ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (सुरेश मोमिया )।** झालावाड मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग के द्वारा पिछले छः माह में कही नवाचार किये गए है पिछले अंगदान से फिर प्रदेश की पहली अवेक सर्जरी, एंडोस्कोपी ब्रेन सर्जरी और अब प्रदेश की पहली ब्रेकियल प्लेक्सस नर्व ट्रान्सफर सर्जरी का सफल ऑपरेशन किया गया । यह झालावाड जिले के साथ राजस्थान के किसी भी सरकारी अस्पताल में किये जाने वाली पहली सर्जरी कर न्यूरोसर्जरी विभाग ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद यहाँ के डॉक्टर की टीम चुनोतीपूर्ण ऑपरेशन करने में भी पीछे नहीं हट रही है। न्यूरोसर्जरी विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. रामसेवक योगी ने बताया कि 29 वर्षीय मरीज मान सिंह का 19 सितम्बर 2024 को बाइक से एक्सीडेंट होने की वजह से मरीज अत्यंत गंभीर हालत में कोटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया लेकिन वहा से स्रू जयपुर रेफर किया गया जहा पर उसका बाया पैर काटना पड़ा और बाद में मालूम हुआ की उसका बायां हाथ भी काम नहीं कर रहा जाँच करने पर पता चला की उसके ब्रेकियल प्लेक्सस की नसें खराब हो गई । जिसका इलाज संभव नहीं है और मरीज की वहा से छुट्टी कर दी गई। मानसिंह के परिवार वाले एक आस लेकर झालावाड मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग में डॉ. रामसेवक योगी को दिखाने लाये और जांचे करने पर ब्रेकियल प्लेक्सस की नसों की जाँच के ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। इस ऑपरेशन के लिए अलग तरह का एनस्थीसिया लगना है।

इसके लिए डॉ. राजन नंदा विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग से बात किया गया और नया नर्व स्टीमूनेटर मंगवाया गया और आवश्यक ऑपरेशन के सामान भी मंगवाए गए। इस तरह का ऑपरेशन अत्यधिक जटिल होता है और इसमें स्पाइनल असेसरी नर्व (केनियल नर्व 11) को सुप्रास्केपुलट नर्व के साथ जोड़ा जाता है जिससे कंधे की मांसपेशियां काम करने लगती है। तथा छाती की नसों (इंटरकोस्टल) को मस्कुलोक्यूटीनियस नर्व (हाथ की नस) से जोड़ा जाता है। इस ऑपरेशन कि वजह से मरीज कम से कम अपने काम खुद क़र पायेगा क्योंकी मरीज का एक पैर पहले से कटा हुआ है। ब्रेकियल प्लेक्सस गर्दन में नसों का एक नेटवर्क है। जो की रीढ़ की हड्डी से कंधे, हाथ तक संकेतो को ले जाने वाली नसे होती है। गर्दन तथा कंधे पर आघात लगने से ब्रेकियल प्लेक्सस की चोट हो सकती है जिससे हाथ में कमजोरी या लकवाग्रस्त हो सकता है। कही बच्चो में इस तरह की इंजरी नार्मल डिलेवरी के दोरान भी होती है। जिससे बच्चे का एक हाथ कम नहीं करता है 7 और छः महीने के अन्दर अगर ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ थो बच्चे का एक हाथ हमेशा के लिए काम करना बंद कर देता है। सफल आपरेशन करने में विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी विभाग डॉ. रामसेवक योगी सहित विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग डॉ. राजन नंदा, संजीव गुप्ता, सुधीर शर्मा,कीर्ति मित्तल, कन्हिया लोहार, रोहित कश्यप,ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष मित्तल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप खारिज, न्यायिक कमेटी ने दी क्लीन चिट

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल मित्तल को उनके कार्यकाल के दौरान लगे विभिन्न भ्रष्टाचार के आरोपों से न्यायिक कमेटी ने पूर्णत: निर्दोष घोषित कर दिया है। जांच कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में सभी आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया गया। केकड़ी नगरपालिका के पूर्व पालिकाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के अनिल मित्तल पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे, जिसके चलते स्वायत्त शासन विभाग ने 31 मई 2019 को उन्हें पद से निलंबित कर दिया। जिस पर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। निलंबन के इस मामले में हाईकोर्ट ने सात दिन बाद ही 7 जून 2019 को उन्हें राहत देते हुए पद बहाल करने का आदेश दिया, जिसके बाद मित्तल ने 11 जून 2019 को पुन: पालिकाध्यक्ष का कार्यभार संभाला। इसके बाद केकड़ी नगरपालिका के भाजपा बोर्ड ने अनिल मित्तल के नेतृत्व में पांच साल का अपना कार्यकाल पूर्ण किया। उधर इस मामले में सरकार के आदेश पर गठित न्यायिक जांच कमेटी ने मित्तल पर लगे विभिन्न आरोपों की विस्तृत जांच की। कमेटी ने रिपोर्ट में बताया कि अनिल मित्तल के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं हुए हैं।

### यह है मामला

गौरतलब है कि स्वायत्त शासन विभाग द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र में अनिल मित्तल पर कुल आठ आरोप लगाए गए थे। जिनमें वित्तीय अनियमितता, बिना अनुमोदन के बजट से अधिक खर्च, निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी, नियमों के विपरीत पट्टों का स्वीकृत किया जाना, टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी, अनुबंध नियमों का उल्लंघन, घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग और नगर पालिका को आर्थिक हानि पहुंचाने जैसे गंभीर मुद्दे शामिल थे।

### न्यायिक कमेटी ने दी क्लीन चिट

न्यायिक जांच संख्या 06/2019 के अंतर्गत राजस्थान सरकार बनाम अनिल मित्तल, अध्यक्ष, नगरपालिका, केकड़ी के इस मामले में न्यायिक कमेटी ने आदेश में कहा कि उभय पक्षों द्वारा दौराने बहस प्रकट किये गये तथ्यों, पत्रावली पर उपलब्ध मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य के अवलोकन करने के पश्चात निष्कर्ष रूप से देखा जाये तो प्रार्थी विभाग अपचारी के विरूद्ध आरोपित आरोप साबित करने में पूर्णत: असफल रहा है। अत: अपचारी के विरूद्ध आरोपित आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाते हैं।

## मानदेय बढ़ाने व स्थायी करने की मांग को लेकर आशा वर्कर्स का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** मानदेय बढ़ाने व स्थायी करने की मांग को लेकर आशा वर्कर्स ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यूनियन की जिलाध्यक्ष चन्दा सुखवाल ने बताया कि हाल ही पेश किये गये केन्द्रीय बजट 2025 में आशा वर्कर्स के लिए कोई घोषणा नहीं करने से समस्त आशा वर्कर्स में रोष व्याप्त है। केन्द्र सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल के दौरान एक रुपया भी आशा वर्कर्स का मानदेय के रूप में नहीं बढ़ाया गया। जबकि आशा वर्कर्स पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है। कोविड-19 में भी पूरी जिम्मेदारी निभाते हुए काम किया लेकिन जब हक और अधिकार की बात होती है तो सरकारें पल्ला झाड़ लेती है। ज्ञापन में केन्द्र के बाद अब राज्य सरकार के बजट से संगठन ने उम्मीदें जताई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चन्दा सुखवाल, रेखा, राजश्री, निर्मला सुथार, नसीम बानो, मधु वैष्णव, रीना व्यास, मंजु जैन, भावना जोशी, मंजु उपाध्याय, चन्दा राठी, कैलशी भील, संगीता टेलर, संगीता लौहार, गायत्री, दुर्गा काबरा, राजकुमारी वैष्णव, शीला सुखवाल, अकीला पठान, बुरैया बानू, मैना जयसवाल आदि आशाओं के साथ ही सीटू के गोपाल शर्मा, रतनलाल शर्मा, हनीफ मोहम्मद मंसूरी उपस्थित रहे।

## कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा जिलाध्यक्ष हेमंत संत मराठा के नेतृत्व में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों के उन्नयन एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान का समावेश करते हुए सकारात्मक आदेश जारी करवाने की मांग की गई।

इस अवसर पर कर्मचारी महासंघ के संयोजक कमल मीणा सहित सुरेशचन्द्र शर्मा, श्यामलाल भील, किशनलाल गुर्जर, दीपक सिंह सोलंकी, हीरालाल माली, रामलाल, पूरण मीणा, युवराज शक्तावत, अनिरूद्ध मीणा, धनसिंह मीणा, उदयलाल लौहार, राजेन्द्र माली, गोपाल शर्मा, लक्ष्मणसिंह चौहान, विक्रमसिंह भाटी, कमलेश, मोहम्मद खलील, मुबारिक खान, मुक्ता लोठ, सावित्री ओझा, नरेन्द्र गुर्जर, सुमन यादव, शुभेन्दु भारद्धाज, मानिक बर्मन, राजेश कुमार, दुर्गेश शर्मा, रमेशचन्द्र जोशी, नितेश शर्मा, राजमल डांगी, निलेश कुमार मेघवाल, ललित कुलमी, सनी जाट, विष्णु कुमार अहीर, मनोज मेघवाल, गिरीश शर्मा आदि 40 विभिन्न संगठनों के कर्मचारी मौजूद थे।

## संभागीय आयुक्त ने किया जिला अस्पताल एवं नरेगा के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को जिला अस्पताल एवं नरेगा के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त ने जिला अस्पताल पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यो तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनकी तबियत के बारे में पूछा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। इसके बाद शेखावत ने महिला वार्ड, पीएमओ ऑफिस एवं नर्सिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों के वार्डों में प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने के निर्देश पीएमओ को दिए। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त ने दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली एवं पंजीकरण काउंटर पर जाकर रोगी पर्ची व्यवस्था के बारे में जाना। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रभाकर विजय एवं आरएसआरडीसी के अभियंता उपस्थित रहे।

### नरेगा के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने बलदेवपुरा व खटकड तलाई में नरेगा के तहत चल कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहर की सफाई का कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत की एवं उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली।

## शामलात जागरूकता रथ यात्रा का समापन, शामलात जन जागरूकता यात्रा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा, ( कैलाश गोस्वामी )।** फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी, आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं जिला परिषद बाड़मेर के संयुक्त तत्वाधान में शामलात जागरूकता यात्रा की सुरुआत 4 फरवरी से 6 फरवरी तक बालोतरा जिले की पंचायत समिति बालोतरा, सिवान, कल्याणपुर की ग्राम पंचायत दुधवा, बुड़ीवाड़ा, खाखलाई व मूठली, मण्डली , गंगावास मे 3 दिवसीय यात्रा का समापन किया गया कार्यक्रम में सरपंच ,ग्राम विकास अधिकारी ,चारागाह विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्य, राजीविका की महिलाएँ ने भाग लिया सभी ग्राम पंचायत पर व चारागाह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान हाकम सिंह राठौड़ ने यात्रा का उद्देश्य एवं कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया कि लोक गीत व कठपुतली ,नुक्कड़ नाटक जागरूकता गीत माध्यम से लुप्त होती लोक परंपरा एवं ओरण/गोचर बचाओ,जल बचाओ के बारे में संदेश दिया गया द्य इस दौरान गांव वालों ने शामलात संसाधनों के प्रति गांव के पुराने और वर्तमान नियमों के बारे में अपने अनुभव साझा किया गया शामलात के नारे लगाते हुए एवं हाथों में तख्तियां लेकर प्रमुख मार्गो से होकर बुड़ीवाड़ा मॉडल नाडी तक रैली निकाली गई द्य इस दौरान रामनारायण जी के नेतृत्व में गांव की प्रमुख नाडी की परिक्रमा की गई द्य स्नश्वस् से संतोष जी ने सभी लोगों को शामलात की शपथ भी दिलाई द्य शामलात यात्रा में आज रथ के द्वारा यात्रा की गई जिसमें सभी लोगों को चारागाह व पेड़पौधों के बारे में जानकारी व शामलात भूमि को परिसम्पत्ति रजिस्टर में दर्ज करना, स्थानीय प्रजातियों के पौधों को लगाने व ग्राम पंचायत में बीज बैंक स्थापित के बारे में बताया गया कार्यक्रम के समापन समारोह में पूर्व सरपंच माणक राम चैधरी ने चारागाह के कार्य व इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की गई और ग्राम पंचायत में मनरेगा के साथ मे करने का कहा गया हमारे पुराने जल स्त्रोत की देखरेख करने का कार्य ग्रामीणों का है सभी का अंत मे धन्यवाद दिया गया इस दौरान श्रवण कुमार, देवीसिंह, सावला राम अशोक कुमार देवाराम कमलेश अशोक कुमार आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन 500 से अधिक का हुआ गुरु दीक्षा संस्कार



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ के नेतृत्व में गायत्री शक्ति पीठ में 5 से 8 फरवरी को आयोजित विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन कई संस्कारों के साथ दोपहर 1 बजे पूर्ण हुआ हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान को गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां समर्पित की। प्रबंध ट्रस्टी रमेश चंद्र पुरोहित ने बताया की 9 बजे से विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए व्यास पीठ पूजन महेश ईनाणी, सतीश शर्मा, पार्वती शर्मा, कलश पूजन कन्हैया लाल खंडेलवाल, जयश्री पालीवाल, शरद निगम, मंजु सैनी, गुरु पूजन बिनका छीपा, बी एस गर्ग, माया सिंह, गायत्री पूजन सुरेश शर्मा, सुरेश कल (मानव जल सेवा), रमा शंकर वेद ऋषि पूजन वीरेंद्र पंचोली, सुनीता पंचोली, प्रदीप गौड़, चंद्रशेखर पालीवाल, प्रभा पालीवाल, सर्वतोभद्र पूजन सत्य नारायण हेडा, विनोद आचार्य, सीमा पारिक, रजनी शर्मा, कविता यादव, जयंती यादव, राम गोपाल कलंत्री, रमेश उपाध्याय, राम गोपाल, संगीता, भेरू लाल धाकड़, सत्य नारायण हेडा द्वारा किया गया। महाआरती फतेह सिंह देवपुरा, आभा जोशी, देवकी साहू, दीपमाला, पूजा, अमृत लाल चंगेरिया द्वारा कराई गई। यज्ञ शाला प्रभारी जगदीश जोशी ने बताया की इस महायज्ञ में शांतिकुंज के टोली नायक आचार्य सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में संस्कार संपन्न हुए जिसमें 500 से अधिक गुरु दीक्षा संस्कार, 100 यज्ञोपवीत संस्कार, 5 पुंसवन संस्कार, 5 अन्नप्राशन संस्कार, 3 नामकरण संस्कार, 5 विद्यारंभ संस्कार के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ। साथ ही आचार्य ने गायत्री मंत्र का महत्व समझाते हुए बताया कि गायत्री सद्बुद्धि और सद्ज्ञान की देवी हैं गायत्री मंत्र का महत्व समझाया और तीन माला प्रतिदिन करने का संकल्प कराया।

# भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे मेवाड़ दौरे पर

## नाथद्वारा श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन के बाद द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में किये दर्शन

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को एक दिवसीय मेवाड़ दौरे पर राजसमंद पहुंची। डबोक से सड़क मार्ग होते हुए नाथद्वारा पहुंचकर उन्होंने श्रृंगार झांकी के दर्शन किए। इस मौके पर मंदिर परंपरा अनुसार समाधान करवा कर उनका स्वागत किया गया। वहीं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जोरदार स्वागत किया। दर्शनों के बाद सीधी राजे कांकरोली के लिए रवाना हुई। जहां द्वारकाधीश मंदिर में दर्शनों के बाद उन्होंने तिलकायत गोस्वामी पराग कुमार के पुत्र युवराज नेमिश कुमार से भेंट की। कांकरोली मंदिर परंपरा अनुसार भी उन्हें ऊपरना और प्रसाद भेंट किया गया। इसके बाद में सड़क मार्ग से चारभुजा के लिए रवाना हो गई। अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने बताया कि गुप्त नवरात्रि की समाप्ति पर वे देव दर्शन करती है उसी क्रम में आज श्रीनाथजी, द्वारकाधीश,चारभुजा नाथ और एकलिंग नाथ के दर्शनों का कार्यक्रम था। दिल्ली चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि जैसा सट्टा बाजार और आमजन की भावना है उसके रूप से दिल्ली में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म भावनाओं के अनुसार भाजपा की अच्छे मतों से जीत होगी। वहीं कुछ शादी समारोह में भी शामिल होने का उनका कार्यक्रम है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि जो भी अच्छा काम होता है, वो मैं चारभुजानाथ मंदिर से शुरू करती हूं। 20 साल पहले की बात करूं तो यहीं से शुरुआत की थी। इनसे मैंने जब भी कुछ मांगा है, इन्होंने मुझे जरूर दिया है। वसुंधरा राजे ने यह बात शुक्रवार को राजसमंद के चारभुजानाथ मंदिर में दर्शन करने बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए कही। पूर्व सीएम ने समर्थकों को संबोधित करते हुए अपनी पहली परिवर्तन यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा- 20 साल पहले चारभुजानाथ मंदिर से ही परिवर्तन यात्रा निकाली थी।

### दिल्ली चुनाव पर कहा- जनता ने बता दिया है

वसुंधरा ने शुक्रवार को राजसमंद में श्रीनाथजी मंदिर (नाथद्वारा), द्वारिकाधीश मंदिर (कांकरोली) और चारभुजानाथ मंदिर (गढ़बोर) में दर्शन किए। जहां उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कांकरोली में द्वारिकाधीश के दर्शन करने के बाद मीडिया से बातचीत में वसुंधरा ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की बात कही। उन्होंने कहा- सट्टा बाजार ने सब बता दिया, जनता ने बता दिया है। बता दें कि शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम आएगा।



# जिला कलक्टर ने किया पीएनबी ऋण मेले का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय भरतपुर के तत्वाधान में अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय धौलपुर के संयोजन से जिले में रिटेल लोन एक्सपो 2025 मेला पंजाब नेशनल बैंक शाखा धूलकोट धौलपुर परिसर में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा देशभर 07 व 08 फरवरी को रिटेल लोन एक्सपो 2025 मेले का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक धौलपुर जिले का अग्रणी बैंक है इनके तहत कई कार्य करते है विशेषकर वित्तीय समावेशन का कार्य, विभिन्न प्रकार के ऋण वितरण का कार्य जैसे कृषि ऋण, व्यापार ऋण, आवास ऋण, वाहन ऋण, सोलर उर्जा ऋण सरकार के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण और उनका वितरण, पी एम स्वनिधी योजना, स्वरोजगार ऋण आदि योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाता है। बैंक द्वारा लगाये गये इस मेले का आम जनता को भरपूर लाभ उठाने के लिए कहा तथा सोलर ऊर्जा के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सोलर ऊर्जा से घर के बिजली के बिल में काफी बचत होती है। इस योजना में सरकार द्वारा अधिकतम रूपये 78 हजार तक का सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक, मण्डल कार्यालय भरतपुर से सहायक महा प्रबंधक श्री राम मनोहर गुप्ता जी के द्वारा बताया गया कि रिटेल के सभी ऋण आवास ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, पेंशन ऋण, गोल्ड ऋण, पी एम सूर्य घर योजना के लिए ऋण मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से ऋण मेले के तहत लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को बैंक द्वारा इसी प्रकार सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए एम एस एम ई ऋण मेले का भी आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने मेले में लगाए गए सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। मेले में पंजाब नेशनल बैंक के ऋण स्टॉलों के साथ ही पी एन बी आरसेटी, अग्रोहा बिल्डर्स रॉयल सिटी, कैला देवी एंटरप्राइजेज, एम बी सोलर, राजू बैट्री वर्क्स, बृज व्हील टाटा मोटर्स, टी एम मोटर्स मारुति सुजुकी के स्टॉल लगाए गए हैं। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मंगेश कुमार जी, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक श्री नाहरसिंह, मण्डल कार्यालय भरतपुर से मुख्य प्रबंधक निलेश झा आरसेटी निदेशक श्री भूपेंद्र प्रताप सिंह एवं जिले के सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित थेप् कार्यक्रम का संचालन शाखा बाड़ी से वरिष्ठ प्रबंधक जिनेश कुमार द्वारा किया गय ।

# कर्मचारी संयुक्त महासंघ राजसमंद ने जिला कलक्टर को दिया मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांग पत्र ओर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जयपुर के आव्हान पर आज राजसमंद जिले के कर्मचारीयों ने जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को मुख्यमंत्री के नाम 11सूत्रीय मांग पत्र देकर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की मांग की।। महासंघ जिला महामंत्री रघुराज सिंह झाला ने बताया कि जिला अध्यक्ष राजेश जोशी के नेतृत्व में कर्मचारियों के प्रतिनिधि ने जिला कलक्टर को मांगपत्र देकर कर्मचारी को एक सेवा काल में चार एसीपी 8,16,24 व 32 पर दिलाने, ासमय पर पदोन्नतिया करने। पटवारी ,ग्राम विकास अधिकारी ,मंत्रालयिक ,नर्सेज कर्मचारी ,पशु धन सहायक, पुलिस कांस्टेबल, वनरक्षक , जेल प्रहरी, सूचना सहायक, बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता,महिला स्वास्थ्य दर्शिका,ष्द्धश, पैरामेडीकल स्टाफ,इत्यादि सहित समस्त कार्यालय ओर फील्ड स्टाफ की न्युनतम ग्रेड पे 3600 करने,पदोन्नति के समान अवसर उपलब्ध कराने,निजीकरण को बंद किया जाना,संविदा प्रथा बंद करने,न्यूनतम वेतन 26000 करना,आउटसोर्स भर्तियां बंद करने, पटवारी के गिरदावरी एप में संशोधन करना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा सहयोगिनी ,साथीन, नरेगा कार्मिक,पंचायत शिक्षक,आंगनबाड़ी कुक हेल्पर को नियमित करना, वेतन विसंगति का निवारण करना, शारीरिक शिक्षकों के प्रत्येक विद्यालय में पद सृजित करना, शिक्षकों के जिनके स्थाईकरण बकाया है स्थाई करना, पीएफआरडी अधिनियम को निरस्त करना, राज्य कर्मचारियों को 5300 करोड रुपए जीपीएफ खाते में जमा किया जाना कोरोना कल में फ्रिज महंगाई भत्ते के एरियर् का नगद भुगतान किया जाना है होमगार्ड ओर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक इत्यादि को रेग्युलर ड्यूटी मिले इस हेतु शीघ्र राज्य सरकार कार्यवाही करने की मांग रखी। साथ ही पटवारी ए एन एम सहित अन्य संघों के पदनाम परिवर्तन भी शीघ्र करने की मांग रखी।। नर्सेज अध्यक्ष गायत्री वैष्णव ने बताया कि अधिकांश कार्यालयों में प्रतिनियुक्तिया करके कार्यालय कार्य करवाए जा रहे हैं तथा मूल पद रिक्त पड़ रहते हैं इससे बेरोजगारी भी बढ़ती है और प्रतिनियुक्त कार्मिक के मूल पद का काम भी प्रभावित होता है। सबसे ज्यादा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसलिए सभी विभागों के कार्यालयों को रिक्त पद प्राथमिकता से भरे जावे। इस अवसर पर कृषि विभाग भीलवाड़ा प्रांतीय उपाध्यक्ष लोभचंद लोहार वीडीओ संघ संभाग महामंत्री संतोष सिंह रावत कानूनगो संघ से केशुलाल गुर्जर सूचना प्रोद्योगिकी विभाग संघ जिला अध्यक्ष राजेश व्यास कृषि पर्यवेक्षक नाथद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष शंभुलाल सीरवी, सहायक कृषि अधिकारी मथुरा लाल कुमावत वीडीओ संघ जिला कोषाध्यक्ष मनोहर मीणा खमनोर अध्यक्ष रामसिंह चौहान आमेट अध्यक्ष सुभाष मीणा नर्सेज राजसमंद ब्लॉक अध्यक्ष विमला सुथार ममता भीम से धीर सिंह योगेश कुमार देवगढ़ से सुनील शर्मा जयप्रकाश सिंह रमेश सालवी आमेट से प्रमोद दशोरा कुंभलगढ़ वीडीओ जिला प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह चारण कुलदीप मीणा विजयेन्द्र सिंह शेखावत जितेंद्र राव महावीर सिंह खीड़िया कमलदीप बैरवा इत्यादि सहित सभी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आधा दर्जन गांवों को नगर पालिका में शामिल करने का विरोध मामला, एसडीएम कार्यालय पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी

- एसडीएम और नगर पालिका आयुक्त के बयानों में विरोधाभास,
- राजसमंद के नाथद्वारा नगर पालिका का है मामला



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद की नाथद्वारा नगर पालिका के पैरा फेरी क्षेत्र की छः ग्राम पंचायतों के दस राजस्व गांवों को नाथद्वारा नगरपालिका में शामिल करने की राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों उपखंड अधिकारी के चेंबर के बारह धरने पर बैठ गए ाग्रामीणों ने अध्यादेश के विरोध में बस स्टैंड से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया व उपखंड अधिकारी के चेंबर के बाहर अधिसूचना रद्द किए जाने तक धरना देने का ऐलान किया । गांव बचाओ संघर्ष समिति के हेमंत पालीवाल ने बताया कि आज अधिसूचना के अनुसार अंतिम दिन है और कल से गांवों को नगर पालिका में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, इस लिए जब तक अधिसूचना को रद्द नहीं किया जाता है या कोई सक्षम अधिकारी यहां आकर आश्वसन नही देता है तब तक ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय में धरना देने का निर्णय किया है ।

वहीं ओडन पूर्व सरपंच सुरेश जलानिया कहा कि आज सभी ग्रामीण अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए है और अगर शाम तक कोई निर्णय नही होता है तो ग्रामीण घर के सभी पशुओं को भी उपखंड कार्यालय में लाकर बांध देंगे ाउपखंड अधिकारी रक्षा पारीक ने सभी ग्रामीणों को आश्वासन दिया की उनकी मांगों से जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को अवगत करा दिया गया है व विधायक द्वारा भी ग्रमीणों की आपत्ति से अवगत कराते हुए एक पत्र स्वायत्त शासन मंत्री को लिख दिया है ।

लेकिन एसडीएम व पालिका आयुक्त के बयानों में आये विरोधभास से चिंतित ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी के चेम्बर के बाहर ही धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद सभी ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

इस दौरान उलपुरा सरपंच जितेंद्र सिंह, गुंजोल सरपंच किशन गायरी, बागोल सरपंच यशवंत श्रीमाली, ओडन सरपंच सुरेश जलनिया, लाल मादड़ी सरपंच बलवीर सिंह, हेमंत पालीवाल, भरत पालीवाल, राखी पालीवाल व सभी गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे ।

## जिला धौलपुर अमेरिका से अपमानजनक तरीके से डिपोर्ट हुए भारतीयः धौलपुर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पीएम मोदी का पुतला फूंका



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने अमेरिका द्वारा भारतीय प्रवासियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गांधी पार्क के सामने आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा और कांग्रेस नेता अमित मुदगल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि अमेरिका से 105 भारतीय प्रवासियों को हथकड़ियां और पैरों में जंजीरें पहनाकर भारत भेजा गया, जो देश के लिए शर्मनाक स्थिति है।प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे विश्व मंच पर भारत की ताकत दिखाने की बात करते हैं, लेकिन विदेशों में भारतीय नागरिकों के साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार पर चुप हैं। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाने और शेष भारतीयों को सम्मानजनक तरीके से वापस लाने की मांग की। प्रदर्शन में अविनाश शास्त्री, रोशनी शिवहरे जिला प्रभारी कांग्रेस सेवादल, सद्दाम खान और विवेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## परिवहन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल से कामकाज ठपः इंस्पेक्टरों को थाने में बैठाने का विरोध, जयपुर में शहीद स्मारक पर धरना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर के दो ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को थाने ले जाकर बैठाने के मामले में परिवहन विभाग की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। वहीं, प्रदेश स्तर पर लगातार चार दिनों से ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों की हड़ताल जारी है। हड़ताल के 5वें दिन जयपुर के शहीद स्मारक पर परिवहन विभाग के कार्मिकों द्वारा धरना दिया गया है। ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को थाने में ले जाने के मामले में हड़ताल पर चल रहे कार्मिकों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं किए जाने की मांग की है। शुक्रवार को परिवहन निरीक्षक संघ के समर्थन में अधिकारी भी हड़ताल पर हैं। जिस हड़ताल को राजस्थान परिवहन सेवा परिषद, मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, बस ऑपरेटर सोसाइटी, बस ऑपरेटर एसोसिएशन, परिवहन विभाग के सुरक्षा गार्ड और वाहन ड्राइवरों ने समर्थन दिया है।

# राज्य कर्मचारियों ने जलाई खेमराज कमेटी की रिपोर्ट की होली

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आव्हान पर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट का विरोध करते हुए जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर से रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट मैदान पर कमेटी की रिपोर्ट की होली जलाई। महासंघ के निर्देश पर जिला मुख्यालयों पर भी खेमराज कमेटी के रिपोर्ट की होली जलाने के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महासंघ (एकीकृत) के चन्द्रभान चौधरी ने बताया की वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में बनी वेतन विसंगति परीक्षण समिति ने सरकार के इशारे पर कर्मचारियों को धोखा दिया है और कमेटी के नाम पर लाखों रुपए और कर्मचारियों का बेशकीमती समय बर्बाद किया है। गौरतलब है की राज्य सरकार ने वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए 3 नवंबर 2017 को श्री डी. सी. सामंत की अध्यक्षता में वेतन विसंगति निवारण समिति बनाई थी। जिसकी रिपोर्ट सरकार ने सार्वजनिक नहीं की। इसके बाद 5 अगस्त 2021 को खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में वेतन विसंगति परीक्षण समिति बनाई। जिसकी रिपोर्ट सरकार ने 23 जनवरी 2025 को सार्वजनिक की है। राठौड़ ने कहा कि खेमराज कमेटी की रिपोर्ट में जहां कर्मचारियों की वाजिव वेतन विसंगतियों की उपेक्षा की गई है, वहीं 9, 18 व 27 वर्ष की एसीपी के स्थान पर 8, 16, 24 व 32 वर्ष पर एसीपी देने के भाजपा सरकार के पूर्व निर्णय की भी क्रियान्वित्ती नहीं की है। इससे प्रदेश के सभी राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। मनीष पहाड़िया ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो कर्मचारी महासंघ प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा करेगा। मनोज पोसवाल ने बताया की और 8 फरवरी को विभागों में संपर्क सभाएं आयोजित की जाएंगी। जिला महामंत्री योगेश पाण्डेय ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि बजट-2025 में कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए एक उच्च स्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति के गठन की घोषणा की जाए जो कर्मचारी संगठनों से वार्ता कर त्वरित गति से वेतन विसंगतियों का निराकरण करे।

## बाड़ी में सरकारी विभागों पर डिस्कॉम का एक्शन : बकाया राशि चुकाने का दिया अल्टिमेटम; नगर पालिका पर 2 करोड़, बीसीएमओ ऑफिस पर 11.5 लाख पेंडिंग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी में डिस्कॉम ने बकाया वसूली के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। पिछले 15 दिनों से चल रहे इस अभियान में अब सरकारी विभागों पर कार्रवाई की जा रही है। सिटी एईएन आरडी मीणा के नेतृत्व में डिस्कॉम की टीम ने आज नगर पालिका, पंचायत समिति, शिक्षा विभाग और चिकित्सा विभाग कार्यालय पहुच बकाया को लेकर अधिकारियों से वार्ता की और बकाया राशि जल्द जमा करने के निर्देश दिए। विभाग वार बकाया की स्थिति गंभीर है। नगर पालिका पर सबसे अधिक 2 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है। ब्लॉक शिक्षा विभाग और उसके अधीन आने वाले स्कूलों पर 38 लाख रुपए, चिकित्सा विभाग कार्यालय पर साढ़े ग्यारह लाख रुपए तथा पंचायत समिति परिसर के विभिन्न कार्यालयों पर लगभग 5 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है। डिस्कॉम ने सभी विभागों को बकाया राशि जमा करने के लिए निर्धारित समय दिया है।



## धौलपुर युवाओं से प्रगति के पथ पर बढ़ने का आह्वान, समाज के साथ राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में भी बढचढ़कर भाग ले : रोशनी शिवहरे

### कल्चुरी कलाल समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** कल्चुरी कलाल समाज ने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। इसी क्रम में जिला प्रभारी कांग्रेस सेवा दल रोशनी शिवहरे एवं भाजपा की बाड़ी अध्यक्ष बंदना शिवहरे का स्वागत एवं सम्मान किया। समाज द्वारा दोनों का राजस्थानी साफा, राम नामी पटका, माला, शॉल एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की तस्वीर एवं तलवार भेंट की। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष बाड़ी वंदना शिवहरे ने कहा कि भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसको अपनी पूरी कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ पूरा करूंगी। समाज को अपने साथ लेकर आगे काम करुगीं। इस अवसर पर रोशनी शिवहरे जिला प्रभारी कांग्रेस सेवादल ने भी शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा पर काम करने की बात कही है। राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रामू जायसवाल ने कहा कि समाज के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व के प्रत्येक कार्यक्रम में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जो देश हित के साथ ही समाज हित में भी है। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज में



शिक्षा को बढ़ावा देकर आगे बढने का आह्वान किया। इस अवसर पर युवाओं को संदेश दिया कि वो समाज की कुरीतियों को विरोध कर समाज को प्रगति के रास्ते पर अग्रसर करे। इस अवसर पर युवा पीढ़ी को आगे आने का आहवान किया गया। इस कार्यक्रम में रामेश्वर गुप्ता, लक्ष्मी नारायण शिवहरे, रामू जायसवाल, जमुनादास शिवहरे कोषाधिकारी, महेश शिवहरे, नरेश शिवहरे, अशोक शिवहरे, रवि शिवहरे बाबा, केशव शिवहरे, देव जायसवाल, राजेश शिवहरे, मयंक शिवहरे अध्यापक, , रोशनी शिवहरे जिला प्रभारी कांग्रेस सेवा दल बंदना शिवहरे, मिथिलेश जायसवाल, अंजना शिवहरे, मंजू शिवहरे, रितु शिवहरे, निधि जायसवाल, सुनीता शिवहरे, आरना शिवहरे आदि उपस्थित रहे।



# पर्यटक फरवरी में पार्टनर संग बीकानेर को करें एक्सप्लोर

**फरवरी के महीने में देश के कई हिस्सों में रातें सर्द और दिन हल्का गर्म होता है। इसलिए फरवरी का महीना घूमने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। फरवरी का महीना सुहावना होने के साथ ही रोमांटिक भी होता है। वहीं यह महीना कपल्स के लिए भी एक सौगात की तरह होता है।**

## ऐसे पहुंचे दिल्ली से बीकानेर

दिल्ली से बीकानेर पहुंचना काफी ज्यादा आसान है। ऐसे में आप दिल्ली में स्थित ढ्ढह्यड्ढह्ल कश्मीरी गेट बस स्टैंड राजस्थान बस सर्विस के जरिए बीकानेर पहुंच सकते हैं। बता दें कि कश्मीरी गेट बस स्टैंड से बीकानेर के लिए भी बस चलती हैं। जहां सरकारी बस का किराया 500-600 रुपए के बीच होता है। तो वहीं अगर आप प्राइवेट बस से जाते हैं, तो आपको 1000 रुपए तक खर्च करना पड़ सकता है। दिल्ली से ट्रेन नंबर -12259, 22472, 12371, 12457, 15909 बीकानेर के लिए चलती हैं। स्लीपर का किराया करीब 350 रुपए और 3ह्रस्र एसी का किराया करीब 1000 रुपये होते हैं। यहां पर सबसे पास एयरपोर्ट जोधपुर एयरपोर्ट है।



## बीकानेर में रुकने की बेस्ट जगहें

बीकानेर में ठहरने के लिए आपको कई खूबसूरत और ऐतिहासिक शहर, रिसॉर्ट और विला मिल जाएंगे। यहां पर आप आसानी से और बेहद कम खर्चे में रुक सकते हैं। लेकिन अगर आप सस्ते में बीकानेर में रुकना चाहते हैं, तो मुख्य शहर से कुछ दूरी पर रूम बुक कर सकते हैं। आप यहां पर तनिषा हेरिटेज हवेली, कैलाश हवेली, होटल राज दरबार, जमना विलास गेस्ट हाउस, बीकानेर टूरिस्ट प्लेस और होटल पद्मिनी निवास आदि में सिर्फ 500 से 1200 रुपए के बीच में रूम बुक कर सकते हैं।

## खाने-पीने की बेस्ट चीजें

यह शहर खाने-पीने के मामले में भी बेस्ट माना जाता है। यहां पर आप पारंपरिक खाने के अलावा स्ट्रीट फूड्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बीकानेस में आप राज-कचोडी, घेवर, केसर फ़िनी, बीकानेर भुजिया, गट्टे की सब्जी के अलावा पारंपरिक राजस्थानी थाली का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बीकानेर का सबसे फेमस व्यंजन कांजी बड़ा है। साथ ही यहां पर आप मोती पाक का स्वाद चखना न भूलें।



## यहां पर घूमना न भूलें

आपको बता दें कि बीकानेर राजस्थान का बेहद खूबसूरत शहर है। पाकिस्तान की सीमा के पास होने के कारण यहां पर्यटकों की भारी भीड़ होती है। यह शहर रेत के सुनहरे टीले के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। यहां पर आपको घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें मौजूद हैं।

## जूनागढ़ फोर्ट

आप बीकानेर में स्थित जूनागढ़ फोर्ट घूम सकते हैं। जूनागढ़ फोर्ट का निर्माण राजा राय सिंह ने करवाया था।

## लालगढ़ पैलेस


इसके अलावा बीकानेर में लालगढ़ पैलेस भी काफी ज्यादा खूबसूरत है। इस किले का निर्माण 20वीं शताब्दी में करवाया गया था। इस महल को राजपुताना महल कहा जाता है। इस महल को अब हेरिटेज होटल और संग्रहालय में बदल दिया गया है।



## करणी माता मंदिर

बीकानेर की खूबसूरती में करणी माता मंदिर चार चांद लगाने का काम करता है। यह विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर में चूहों की घनी आबादी रहती है। यह मां दुर्गा के अवतारों में करणी माता को समर्पित मंदिर है।

# इन वजहों को जानने के बाद ठंड में शारजाह घूमना पसंद करेंगे आप



ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें घूमना काफी अच्छा लगता है। मौसम चाहे कोई भी हो, वे हमेशा नई जगहों को एक्सप्लोर करना पसंद करते हैं। चूंकि अब ठंड का मौसम है तो आपने भी कई जगहों पर घूमने की प्लॉनिंग की होगी। लेकिन अगर आप देश से बाहर कहीं जाना चाहते हैं तो शारजाह घूमना यकीनन बेहतरीन आइडिया है। दुबई और अबू धाबी के बाद शारजाह संयुक्त अरब अमीरात का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। हालांकि शारजाह अपने पॉश पड़ोसी दुबई की तरह उतना ग्लैमरस या हलचल भरा नहीं है, लेकिन फिर भी शारजाह को यूनेस्को द्वारा संयुक्त अरब अमीरात की कल्चर कैपिटल होने का गौरव प्राप्त है।

### मौसम होता है सुहाना

बहुत अधिक ठंड या बहुत अधिक गर्मी में बाहर घूमना काफी मुश्किल हो सकता है। बहुत अधिक या बहुत कम तापमान आपको परेशान कर सकता है और आपकी पूरी ट्रिप को खराब कर सकता है। लेकिन अगर आप ठंड के दिनों में शारजाह घूमते हैं तो आपको यह समस्या नहीं होगी। इस दौरान यहां पर तापमान 15 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच होता है। ऐसे में आप शहर के बाहरी आकर्षणों का लुत्फ उठा सकते हैं और बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### शारजाह लाइट फेस्टिवल

ठंड के दिनों शारजाह घूमने का एक फायदा यह भी है कि इस दौरान आप यहां पर लाइट फेस्टिवल को एन्जॉय कर सकते हैं। जिसे देखना व एक्सपीरियंस करना अपने आप में एक अलग अनुभव है। यह शारजाह लाइट फेस्टिवल अमूमन फरवरी में मनाया जाता है। इस दौरान पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठता है। इस दौरान अगर आप ऐतिहासिक स्थलों से लेकर स्मारकों को देखते हैं, तो वे भी रंगों व रोशनी के कारण जीवंत हो उठते हैं। जिससे एक जादुई माहौल बनता है।

### लेडीज के लिए खास प्लेसेस

शारजाह में ऐसी कई जगहें हैं, जो केवल महिलाओं को ही पूरी तरह से डेडीकेटिड हैं। शारजाह लेडीज़ क्लब सभी महिलाओं के लिए है और यहां आने के लिए मेंबरशिप की जरूरत नहीं है। आप यहां पर रेस्तरां, कैफे और बीचेस आदि का लुत्फ उठा सकते हैं। पूरे अमीरात में केवल महिलाओं के लिए कई पार्क भी हैं, जैसे कल्चरल स्क्वायर के पास ग्रीन बेल्ट लेडीज़ पार्क।

### डेसर्ट को करें एन्जॉय

ठंड के दिनों में शारजाह के आसपास के रेगिस्तानी नजारों को देखना और डेसर्ट सफारी करने का अपना एक अलग ही आनंद होता है। दरअसल, इस दौरान यहां का तापमान आपको रेगिस्तान में बहुत अधिक गर्मी का अहसास नहीं करवाता है। यहां पर आप ऊंट की सवारी करने से लेकर साफ रेगिस्तानी आसमान के नीचे तारों को देखने जैसी एक्टिविटीज का हिस्सा बन सकते हैं।

# कर्नाटक में ट्रेकिंग करने के लिए इन जगहों को करें एक्सप्लोर

कर्नाटक एक ऐसी जगह है, जहां पर हर किसी के लिए घूमने व देखने के लिए काफी कुछ है। अगर आप एडवेंचर्स प्रकृति के हैं तो भी कर्नाटक आपको बिल्कुल भी निराश नहीं करेगा। अमूमन ठंड के मौसम में हम सभी यही सोचते हैं कि घर से बाहर कहां घूमने के लिए जाया जाए। अगर आप भी ऐसा ही कुछ सोच रहे हैं तो आपको कर्नाटक घूमने की प्लानिंग करनी चाहिए। ठंड के दिनों में कर्नाटक में ट्रेकिंग करना यकीनन एक अच्छा आइडिया है। आप ट्रेकिंग करते हुए घने जंगलों से लेकर ऊंची चोटियों तक काफी कुछ एक्सप्लोर कर पाएंगे। भले ही एक चैलेंजिंग ट्रेक पर चलना नहीं चाहते हैं, लेकिन फिर भी आप ट्रेकिंग करते हुए अच्छा वक्त बिताना चाहते हैं तो भी कर्नाटक घूमने का विचार किया जा सकता है।



## मुल्लायनगिरी

अगर आप कर्नाटक की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने का रोमांच चाहते हैं, उनके लिए मुल्लायनागिरी आपके लिए एकदम सही जगह है। यह चिकमगलूर में करीबन 20 किमी की दूरी पर है। 1950 मीटर की ऊंचाई के साथ, यह कर्नाटक की सबसे ऊंची चोटी है। इसे कर्नाटक में ट्रेकिंग के लिए एक बेहतरीन जगह माना जाता है। यहां पर आप ट्रेकिंग के अलावा माउंटेन बाइकिंग और रोड बाइकिंग जैसी एक्टिविटीज का हिस्सा भी बन सकते हैं। शिखर तक काट्रेक मार्ग सर्पदारी से शुरू होता है। यह 3 किमी लंबा मध्यम स्तर का ट्रेक है जो काफी कठिन है और शिखर तकपहुंचने में लगभग 1.5 घंटे लगते हैं।




## कुद्रेमुख

अगर आप कुद्रेमुख में हों, तो आप कुद्रेमुख नेशनल पार्क को बिल्कुल भी मिस नहीं कर सकते हैं। यह भारत के सबसे बेहतरीन ट्रेक में से एक है। जब आप ट्रेकिंग करते हैं तो धुंध से भरी पहाड़ियां और घुमावदार घास के मैदान आपको एक अलग ही अनुभव करवाते हैं। कुद्रेमुख ट्रेक को भारत में सबसे फोटोजेनिक ट्रेक में से एक माना जाता है।

## दांडेली

कर्नाटक में हुबली के निकट घूमने के लिए यह बेहतरीन जगहों में से एक है। दांडेली अपने वाइल्डलाइफ और एडवेंचर्स एक्टिविटीज के लिए बहुत अधिक फेमस है। दांडेली वाइल्डलाइफ सैन्चुरी कर्नाटक की दूसरी सबसे बड़ी वाइल्डलाइफ सैन्चुरी है। जब आप दांडेली में हैं तो ट्रेकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा, यहां पर कयाकिंग, कैन्यनिंग, वॉटर राफ्टिंग, या काली नदी पर कैनोइंग यात्रा के साथ-साथ साइकिलिंग और माउंटेन बाइकिंग जैसे अन्य एडवेंचर्स एक्टिविटीज का मजा भी उठाया जा सकता है।



## कुमार पर्वत

कुर्ग में स्थिति कुमार पर्वत कर्नाटक की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। कुमार पर्वत को पुष्पगिरि के नाम से भी जाना जाता है। अगर आपको ट्रेकिंग का शौक है और आप एक एडवेंचर्स एक्टिविटी का हिस्सा बनना चाहते हैं तो आपको यहां पर जरूर आना चाहिए। यह रास्ता आपको घने जंगलों, हरे-भरे घास के मैदानों और चट्टानी इलाकों से होकर ले जाता है। इस तरह ट्रेकिंग करते हुए आप प्रकृति की खूबसूरती को अपनी आंखों से देख पाएंगे और उसे अनुभव कर पाएंगे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# बरेली में मांझा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 के चीथड़े उड़े

## मालिक का हाथ कटकर 5 फीट दूर गिरा; दीवार ढही, डरकर लोग भागे

बढ़ता राजस्थान

**बरेली ( एजेंसी )।** बरेली में मांझा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। फैक्ट्री मालिक का हाथ कटकर 5 फीट दूर जा गिरा। दो मजदूरों के चीथड़े उड़ गए। हादसा इतना भीषण था कि फैक्ट्री की दीवार ढह गई। आसपास का इलाका थर्रा गया। लोगों को लगा कि भूकंप आया है। डरकर बाहर निकले तो हादसा देखकर कांप गए। किसी का हाथ तो किसी का पैर कटकर अलग हो गया था। फैक्ट्री मालिक अतीक रजा (45) और मजदूर सरताज (24) की मौत हो गई थी। मजदूर फैजान (29) तड़प रहा था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसा किला थाना के बाकरगंज मोहल्ले में शुक्रवार सुबह हुआ। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में मांझे के लिए शीशे की ग्राइंडिंग का काम चल रहा था, तभी अचानक से ब्लास्ट हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि डर गए। सरताज की मौसी गुड़िया ने बताया- कारखाने में सुबह मांझे के शीशे की ग्रांड के साथ एक धमाका हुआ। हम लोग डर गए। भागकर मौके पर पहुंचे। देखा तो सरताज बुरी तरह से घायल था। आनन-फानन में हम उसे अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

सीओ संदीप कुमार ने बताया- हमें इस बात की सूचना मिली थी कि घर में सिलेंडर फटा है। इसमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। यहां पता चला कि सिलेंडर ब्लास्ट नहीं हुआ है।

## डिजिटल अरेस्ट सिंडिकेट के 5 मेंबर गिरफ्तार : टेलीग्राम के जरिए चीनी कंपनी के संपर्क में थे; ईडी अधिकारी बनकर बुजुर्ग से 15 लाख ठगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट सिंडिकेट में शामिल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने दिल्ली में रहने वाले आर्मी से रिटायर्ड 81 साल के बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट किया था। खुद को ईडी अधिकारी बताकर बुजुर्ग से 15 लाख ठगे थे। पीड़ित ने 8 दिसंबर 2024 को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस की साइबर सेल मामले की जांच में जुटी थी।

पुलिस ने 4 आरोपियों इमरान कुरैशी, असद कुरैशी, देव सागर और जावेद को दिल्ली के पहाड़गंज इलाके से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी अभिषेक यादव को मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक से सभी चीनी कंपनी के लिए काम करते थे। यूपी के झांसी से कंपनी को ऑपरेट कर रहे थे। वहीं से डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं के अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 11 स्मार्टफोन, 6 एटीएम, एक लैपटॉप और कई बैंक खातों की चेकबुक जब्त हुई हैं।

## नेतन्याहू ने ट्रम्प को गोल्डन पेजर गिफ्ट किया




बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ट्रम्प को खासतौर पर 'गोल्डन पेजर' गिफ्ट किया। इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय की ओर से भी इस बात की पुष्टि की गई है। दरअसल, यह गिफ्ट लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के ऑपरेशन का प्रतीक है। इजराइल ने 17 सितंबर को हिजबुल्लाह के लड़ाकों पर हमला करने के लिए पेजर का इस्तेमाल किया था। इसमें करीब 40 लोग मारे गए थे और 3 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

ट्रम्प को गिफ्ट मिले गोल्डन पेजर की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। यह पेजर एक लकड़ी के खांचे में फिट है। इस पर काले अक्षरों में लिखा है- राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प। हमारे सबसे बड़े मित्र और सबसे बड़े सहयोगी। बेंजामिन नेतन्याहू।

ट्रम्प ने भी नेतन्याहू को रिटर्न गिफ्ट दिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिफ्ट मिलने के बाद नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा- वह एक शानदार ऑपरेशन था। ट्रम्प ने भी नेतन्याहू को एक तस्वीर गिफ्ट की जिसमें ट्रम्प और नेतन्याहू हैं। इस पर लिखा है- बीबी, एक महान नेता। बीबी, नेतन्याहू का उपनाम है। इस पर दोनों नेताओं के दस्तखत हैं।

# विधानसभा में जोरदार हंगामा और नारेबाजी

# कांग्रेस को दिन-रात भजन का नाम लेना पड़ेगा : मुख्यमंत्री

## कहाः आपकी आवाज मेरी आवाज को दबाने वाली नहीं है, मैं ब्याज सहित देने वालों में हूं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में विपक्ष के जोरदार हंगामे और नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा- मैं ब्याज सहित कर्ज चुकाता हूं, किसी मुगालते में मत रहना। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायकों से कहा- मैं तुम्हारी मेहरबानी पर नहीं आया। राजस्थान की जनता की मेहरबानी पर आया हूं। तुम्हारी मेहरबानी की आवश्यकता मुझे नहीं है। तुम्हें कोई मेहरबानी करने की जरूरत नहीं है। जीवन ऐसे नहीं जिया जाता जीवन ताकत के साथ दिया जाता है। तुम मुझसे नहीं जीत पाओगे, क्योंकि मेरे साथ राजस्थान की जनता है। मुख्यमंत्री के पूरे भाषण के दौरान कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया और नारे लगाते रहे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं से कहा- आपकी आवाज मेरी आवाज को दबाने वाली नहीं है। देखते जाइए मेरी आवाज भी बढ़ती जाएगी। यह भजनलाल की आवाज नहीं, 8 करोड़ राजस्थान की जनता की आवाज है। सीएम का भाषण खत्म होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही 19 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### नेता प्रतिपक्ष को नहीं बोलने देने का कांग्रेस ने षड्यंत्र किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नहीं बोलने पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- यह कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई है। वंचित वर्ग से आने वाले नेता प्रतिपक्ष को नहीं बोलने देने का कांग्रेस ने षड्यंत्र किया है। मुख्यमंत्री ने डोटासरा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा- लक्ष्मणगढ़ से आने वाले विधायक आरोप लगा रहे थे कि केंद्र के बजट में राजस्थान का नाम नहीं आया। आपके राज में राजस्थान जल जीवन मिशन में अंतिम पायदान पर था। इसमें भ्रष्टाचार के साथ काम की गति धीमी थी।



### कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष के साथ अन्याय किया

सीएम ने कहा- हमारे नेता प्रतिपक्ष कई बार संजिदगी से काम लेते हैं, लेकिन आज पता नहीं क्यों दबाव में आ गए। आज एक वंचित वर्ग से आने वाले किसान के बेटे को बोलने से वंचित कर दिया। अगर कोई दूसरे वर्ग का नेता प्रतिपक्ष होता तो कांग्रेस कभी भी उसको बोलने से वंचित करती क्या। आज एक किसान के बेटे के साथ कांग्रेस ने अन्याय किया है और उसको बोलते नहीं दिया गया।

### 4 साल बाद कांग्रेस विधायक सदन में नजर नहीं आएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा- आज जो दिख रहा है यह तो कांग्रेस को हमारे एक साल के काम का ही दर्द है। आगे देखिए यह चार साल बाद सदन में नजर नहीं आएंगे। कांग्रेस विधायकों का दर्द यूं ही नहीं है। उनके दर्द के तीन-चार कारण हैं। इनके यूपी चुनाव में भी हार का दर्द है, यह उप चुनाव में साफ हो गए।

### डोटासरा पर तंज : उपचुनाव में गमछा घुमा रहे थे, मोरिया किसका बोला



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा- उपचुनाव में यह बड़ा गमछा घुमा रहे थे, वहां मोरिया किसका बोला। एक जिले का नहीं 6 संभाग का चुनाव था और राजस्थान की जनता ने इनको आइना दिखा दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सुनना पड़ता, इसलिए नेता प्रतिपक्ष जूली को भी साइड लाइन कर दिया।

### एग्जिट पोल के बाद हलचल, आप ने अपलोड किया 17सी

## पारदर्शी काम नहीं कर रहा है ईसी : केजरीवाल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केजरीवाल ने ट्वीटर पर आगे लिखा कि दिन भर हम हर विधानसभा और हर बूथ का डेटा सारणीबद्ध प्रारूप में भी प्रस्तुत करेंगे ताकि हर मतदाता तक यह जानकारी पहुंच सके। यह कुछ ऐसा है जो चुनाव आयोग को पारदर्शिता के हित में करना चाहिए था लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से एक दिन पहले आप ने 17सी और प्रत्येक विधानसभा में प्रति बूथ डाले गए वोटों की संख्या अपलोड कर दिया है। इसको लेकर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कई अनुरोधों के बावजूद चुनाव आयोग ने फॉर्म 17सी और प्रत्येक विधानसभा में प्रति बूथ डाले गए वोटों की संख्या अपलोड करने से इनकार कर दिया है। आम



आदमी पार्टी ने एक वेबसाइट बनाई है - http://transparentelections.in जहां हमने हर विधानसभा के सभी फॉर्म 17सी अपलोड किए हैं। इस फॉर्म में हर बूथ पर पड़े वोटों का पूरा ब्यौरा है। केजरीवाल ने एक्स पर आगे लिखा कि दिन भर हम हर विधानसभा और हर बूथ का डेटा सारणीबद्ध प्रारूप में भी प्रस्तुत करेंगे ताकि हर मतदाता तक यह जानकारी पहुंच सके।

# सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

### इनमें 3 पाकिस्तानी सैनिक, इंडियन पोस्ट पर बीएटी टीम के हमले की साजिश नाकाम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई। दावा है कि भारतीय सेना की फॉरवर्ड पोस्ट पर हमले की प्लानिंग थी। इसकी सूचना इंडियन आर्मी को मिली और उन्होंने पहले ही हमला कर साजिश को नाकाम कर दिया।

घुसपैठ के दौरान मारे गए 7 लोगों में 3-4 पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम के मेंबर्स की भी मौत हो गई। यह टीम क्रॉस बॉर्डर ऑपरेशन में माहिर होती है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में 5 आतंकवादियों की मौत हुई है। इनमें बीएटी टीम मेंबर्स का जिक्र नहीं किया गया। आतंकवादी अलबद्र ग्रुप के हो सकते हैं सूत्रों



ने बताया कि इस ऑपरेशन में जो आतंकवादी मारे गए वो अलबद्र ग्रुप के मेंबर्स हो सकते हैं। घुसपैठ की यह कोशिश तब की गई है, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कह चुके हैं कि हम भारत के साथ सभी मसले बातचीत के जरिए सुलझाएंगे।

एक दिन पहले पाकिस्तानी पीएम ने कहा था- कश्मीर मुद्दा बातचीत से सुलझाएंगे घुसपैठ की यह कोशिश तब की गई है, जब एक दिन पहले 6 फरवरी को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कह चुके हैं कि हम भारत के साथ सभी मसले बातचीत के जरिए सुलझाएंगे। उनके बयान के बाद ही पाकिस्तान सरकार ने पीओके के रावलाकोट में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को रैली की मंजूरी भी दी। जिसमें एके-47 और दूसरे हथियार लहराए गए। रैली में एंटी इंडिया नारे भी लगाए गए, इसमें हमास के लीडर्स भी मौजूद थे।

# अमेरिका 487 और अवैध भारतीय प्रवासियों को भारत भेजेगा

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** विदेश मंत्रालय मे शुक्रवार को बताया कि अमेरिका ने 487 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजने के लिए चिह्नित किया है। इनमें से 298 लोगों के बारे में जानकारी दी गई है।

इससे पहले 4 फरवरी को 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत डिपोर्ट किया गया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि आगे इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि भारतीयों को भेजते वक्त कोई दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई भी मामला हमारे सामने आएगा तो हम उसे अमेरिका के सामने उठाएंगे। मिस्त्री ने बताया कि भारतीयों को 4 फरवरी को भारत भेजते वक्त उनके साथ दुर्व्यवहार के मुद्दे को अमेरिकी अधिकारियों के सामने उठाया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों को गुमराह करके अवैध तरीके से अमेरिका भेजना कैंसर जैसी बीमारी

### सरकार को 298 की जानकारी दी गई, विदेश मंत्रालय ने कहा- हमने दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया



है। ऐसा करने वालों पर केस होना चाहिए।

विदेश सचिव ने कहा कि डिपोर्टेशन कोई नई बात नहीं है। इस बारे में विदेश मंत्री ने भी 6 फरवरी को संसद में बयान दिया था। दुनिया का कोई भी देश अगर अपने नागरिकों को वापस स्वीकार करना चाहता है तो उसे यह यकीन चाहिए होता है कि जो भी लौट रहा है वह उसका नागरिक है, क्योंकि इससे सुरक्षा के मुद्दे जुड़े हैं।

### उपराष्ट्रपति ने कर्नाटक वैभव साहित्य और सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया

# हाल के वर्षों में, धन का उपयोग कर और न्यायपालिका तक पहुँच को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर राष्ट्र विरोधी भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को विभाजनकारी ताकतों से आगाह करते हुए कहा कि , मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि हमें जो चुनौती मिल रही हैं, वो जलवायु परिवर्तन से भी ज़्यादा गंभीर चुनौती है........ [कुछ] लोग जो काम करने की शैली अपना रहे हैं, वह घिनौने तरीके से विभाजन पैदा करना है। विभाजन के कई आधार हैं—जाति, क्षेत्रीयता।

मुझे समझ में ही नहीं आता कि इस देश में क्षेत्रवाद बनाम राष्ट्रीयता की चर्चा कैसे हो सकती है? यह कितनी बेतुकी और कितनी आधारहीन है, लेकिन जब आप इसकी जड़ों को देखेंगे, तो राष्ट्र विरोधी ताकतों का हाथ मिलेगा। कर्नाटक के राणेबेन्नूर में आयोजित कर्नाटक वैभव साहित्य और सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा, ये ताकतें [विभाजनकारी ताकतें] अलग-अलग तरीके से काम करती हैं। इन ताकतों ने



नए-नए रास्ते अपनाए हैं, और बहुत से मुद्दों पर आप देखेंगे कि ये न्यायपालिका की शरण में जाते हैं। मैं चिंतित हूं, क्योंकि हमारे देश के संविधान ने न्यायिक व्यवस्था में हर व्यक्ति को अधिकार दिया है, और अधिकार क्या है? कि वह न्यायालय की शरण में जा सकता है। लेकिन हाल के वर्षों में, धन का उपयोग करके राष्ट्र विरोधी भावना को बढ़ावा देने के लिए न्यायपालिका तक पहुँच को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है, और यह इस तरीके से हो रहा है, जो दुनिया के किसी भी देश में नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे अपने भाषण में कहा कि,देश को चुनौती देने वाली शक्तियां जो राष्ट्रवाद और क्षेत्रीयता में टकराव करने की कोशिश कर रही हैं। इनको बहुत करारा जवाव मिलना चाहिए। वो हमारी सांस्कृतिक विरासत को हिलाना चाहती हैं। राष्ट्र के सांस्कृतिक दर्शन को संजोने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपरष्ट्रपति ने कहा ,आज के दिन जब मैं एकतरफ देखता हूँ, तो भारत की प्रगति को दुनिया की नज़र से देखना चाहिए, राष्ट्र के अन्दर बसने वाले लोगों की नज़र से देखो वो बरसात में नाचते हुए मोर के पंख हैं ज. पर थोड़ा सा जब मोर के पाँव की ओर देखता हूँ तो मुझे चिंता होती है, चिंतन के लिए विवश हो जाता हूँ और तब मुझे आवश्यकता है- हमारे सांस्कृतिक दर्शन की। की हम खुद ही उस टहनी को काटने की कोशिश कर रहे हैं जिस पर हम पनप रहे हैं, जिस पर हम बैठे हैं।

देश के अंदर चुनावी प्रक्रिया को कुप्रभावित करने की चेष्टा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, देश के अंदर जो सबसे पुराना लोकतंत्र है, सबसे मजबूत लोकतंत्र है, सबसे प्रगतिशील लोकतंत्र है, सबसे जीवंत लोकतंत्र है और संवैधानिक दृष्टि से दुनिया का अकेला देश है जो हर स्तर के ऊपर लोकतांत्रिक व्यवस्था रखता है। गाँव हो, शहर हो, प्रांत हो या राष्ट्र हो; संवैधानिक व्यवस्था है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )